हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 236, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 12 फरवरी, 2022 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

जहां डर व माफिया राज होता है वहां विकास संभव नहीं : मोदी

प्रधानमंत्री ने कासगंज के पटियाली में की चुनावी सभा, पं. दीन दयाल उपाध्याय को किया नमन

कासगंज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उतरे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में सभा करने का मोर्चा संभाल लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कासगंज के पटियाली में चुनावी सभा को संबोधित करने से पहले पंडित दीन दयाल उपाध्याय का नमन किया। कासगंज के पटियाली विधानसभा क्षेत्र में पटियाली-दरियावगंज रोड पर फायर स्टेशन के सामने मैदान में बने मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं यूपी के लोगों को सावधान करना चाहता हूं। परिवार वादी लोग इस समय बौखलाए हैं। ठान कर बैठे हैं, गरीब के लिए चल रही सारी योजनाओं को बंद कर देंगे। उन्हें लगा ये योजना चालू रही तो लोग योगी और मोदी के गीत गाएंगे। आप चाहते हैं योजनाएं चालू रहें, गरीब के घर चूल्हा जले। इस क्षेत्र के गांवों को इन लोगों ने बेसहारा छोड़ दिया है। उन्हें डबल इंजन की सरकारने पुल दिए हैं, सड़क दी हैं। गन्ना, आलू, अमरूद आम उगाने वाले छोटे किसान नई आशा का अनुभव कर रहे हैं। फूड प्रोसेसिंग के उद्योग लगाने को मदद दी जा रही है। किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी है। इससे कम ब्याज पर बैंक से लोन मिल सकता है। यूपी में बायो गैस प्लांट का नेटवर्क तैयार हो रहा है। आपने उन्हें लगता है कि विकास की बात बिना कुछ न होगा। उत्तर प्रदेश का नागरिक इस बात पर गर्व करेगा कि कई दशकों से सरकारों पर आरोप लगे, लेकिन आपके पास ऐसा सीएम है, विरोध भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाने की हिम्मत नहीं कर पाए। आज आपके पास ऐसा मुख्यमंत्री है जिस पर विरोधियों ने भी कभी भ्रष्टाचार का आरोप लगाने की कोशिश नहीं की है। यहां पहले जो मुख्यमंत्री रहे हैं, उन पर कैसे-कैसे आरोप हैं, ये यूपी के लोग अच्छे से जानते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जहां डर माफिया राज होता है, वहां विकास संभव नहीं होता है। कानून व्यवस्था स्थापित करना छोटी बात नहीं है। मैं लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहा। कानून व्यवस्था के लिए कितनी मेहनत करननी पड़ती है, सजग रहना पड़ता है। ये मैंने देखा है। साथियों आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है।दीन-हीन के जीवन को बेहतर बनाने का उन्होंने प्रयास किया। उन्हें श्रद्धांजलि। जब कासगंज आया हूं,तो बाबू जी की याद आना स्वाभाविक है। कल्याण सिंह का मेरे जीवन में बहुत योगदान रहा। उनका कासगंज से कितना साथ रहा। उनकी प्रेरणा से भाजपा निरंतर गरीबों की, पिछड़ों की सेवा कर रही है। साथियों कल यूपी में पहले चरण का मतदान पूरा हुआ है। लोगों ने भारी संख्या में घरों से निकलकर यूपी को सुरक्षित रखने के लिए विकास के लिए कमल को वोट दिया है। हमारी बहन बेटियों ने जमकर मतदान किया है। पहले चरण में भाजपा का परचम लहर रहा है। दोपहर के बाद जिन नेताओं के इंटरव्यू आए हैं, उनका चेहरा लटका है।

सुरक्षा जीवन में बहुत जरूरी: पीएम मोदी ने कहा कि जान प्यारी है कि नहीं। गुंडागर्दी जानी चाहिए कि नहीं। ये काम योगी जी ने किया है। बच्चों की सलामती होनी चाहिए कि नहीं, गुंडागर्दी बंद होनी चाहिए कि नहीं। ये आपकी सुरक्षा है कि नहीं। सुरक्षा जीवन में बहुत जरूरी है। हमारी बेटियां स्कूल आते-जाते समय नजर नीची रखें। फब्तियां सहती थीं। उन बेटियों को सम्मान मिलना चाहिए कि नहीं। सूरज ढलने के बाद घर से निकलने से आप घबराएं। ये स्थिति देखी थी। यूपी को उससे बाहर लाने का काम योगी की सरकार ने किया है। परिवारवादियों और माफियावादियों ने जो माहौल बनाया था, उसके खिलाफ योगी ने बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी। योगी जी बहुत बड़ा बदलाव लाए हैं। सुरक्षा के माहौल ने उन्नति के द्वार खोले। योगी जी की सरकार ने गुंडे माफिया को खोजकर जेल भेजा। माफिया को जेल भेजना चाहिए कि महल में। योगी जी ने सही किया कि नहीं। तभी तो सज्जन व्यक्ति जिंदगी जी सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बरेली को बार-बार दंगे की आग में झोंका, ये भी अपने देखा। पहले त्योहार शांति से नहीं मना सकते है। अब दंगों को हमेशा के लिए यूपी से बाहर कर देना है। परिवारवादी ऐसे लोगों को नेता बनाने के लिए निकले हैं जो आपसे खार खाए बैठे हैं। भाजपा उम्मीदवारों को वोट करें,ये प्रार्थना करने आया हूं। यूपी के बेहतर भविष्य से युवाओं का भी भविष्य जुड़ा है। यूपी ऐसा बनाना है,देश भर के लोगों का यहां आने का मन कर जाए। भाजपा को दिया एक-एक वोट यूपी की तस्वीर बदल देगा।

किसानों ने रिकार्ड उत्पादन करके दिखाया: पीएम मोदी ने कहा कि खाद की सप्लाई कोरोना के कारण प्रभावित हुई थी। ये किसानों की चिंता करने वाली सरकार है। किसानों के लिए महंगी कीमत पर बाहर से खाद, दवा लाए, लेकिन किसानों को कम पैसे पर दिया। एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खाद सब्सिडी के लिए रखा है। उत्तर प्रदेश के किसानों ने रिकार्ड उत्पादन करके दिखाया है। सरकार ने भी रिकार्ड खरीद की है। डबल इंजन की सरकार ने लघु उद्योग को भी बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया है।

कांग्रेस को कचोटने लौटा राहुल गांधी का नौ साल पुराना बयान, सीतारमण ने संसद में जिक्र कर घेरा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर उठे सवालों को लेकर शुक्रवार को राज्यसभा में जवाब दिए। उन्होंने सीधे तौर पर कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। सीतारमण ने राहुल गांधी की तरफ से 2013 में दिए गए उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें राहुल ने गरीबी को एक मानसिक स्थिति बता दिया था। वित्त मंत्री ने पूछा कि आखिर तब कांग्रेस नेता किस तरह की गरीबी की बात कर रहे थे। दरअसल, राहुल गांधी ने केंद्र में यूपीए की सरकार रहते हुए गरीबी के आंकड़ों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि गरीबी केवल एक मानसिक अवस्था है। इसका पैसे और खाने जैसी चीजों की कमी से कोई लेना देना नहीं है। राहुल ने कहा था, "गरीबी एक मानसिक अवस्था है। इसका खाना, पैसे या भौतिक चीजों की कमी से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आप में आत्मविश्वास है तो आप गरीबी से उबर सकते हैं।" इस बयान के लिए राहुल को उस दौरान काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि उनका बजट आर्थिक स्थिरता लाने वाला है और इससे देश में कई नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र किए बिना कहा, "कृपया स्पष्ट रहें, क्या आप मुझसे इस तरह की गरीबी पर जवाब चाहते हैं, जिसका जिक्र

आपके नेता ने किया था- 'गरीबी एक मानसिक अवस्था' है वाली गरीबी पर?" सीतारमण के इस बयान पर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि वे गरीबों का मजाक उड़ा रही हैं। हालांकि, सीतारमण ने तल्ख तेवर में प्रियंका को जवाब में कहा, "मैं गरीबों का मजाक नहीं उड़ा रही। जिस आदमी ने गरीबों का मजाक उड़ाया था, आपकी पार्टी ने उसके साथ गठबंधन किया है।" राज्यसभा में कई बार रुकावट के बावजूद सीतारमण ने कांग्रेस पर हमले जारी रखे। उन्होंने विपक्ष से पूछा- "आप किस तरह के गरीबों की बात कर रहे हैं। आपके (कांग्रेस के) पूर्व अध्यक्ष कहते थे कि गरीबी का मतलब खाने, पैसे या वस्तुओं की कमी नहीं है। अगर किसी के पास आत्मविश्वास है, तो वह गरीबी से पार पा सकता है। उन्होंने कहा था कि यह सिर्फ एक मानसिक अवस्था है। मैं यहां उस व्यक्ति का नाम नहीं ले रही, लेकिन सब जानते हैं कि वह कौन है।" निर्मला सीतारमण के राहुल पर सीधे किए गए हमले को लेकर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि, इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि वे सिर्फ कांग्रेस नेता के मीडिया में चले बयान का जिक्र कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वे किसी का नाम नहीं ले रहीं, लेकिन सब लोग बचाव में उतर आए हैं। सीतारमण ने कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल के भी उस बयान पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2014 के बाद से भारत में अमृत काल नहीं राहु काल चल रहा है। इस पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री बोलीं- राहु काल तब था, जब अपनी ही प्रधानमंत्री के लाए एक अध्यादेश को मीडिया के सामने आपके नेता ने फाड़ दिया था। वो था राहु काल।

सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार, कहा-राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा न बनाएं

नई दिल्ली। कर्नाटक हिजाब मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश को आज सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कर्नाटक मामले में नजर बनाए हुए है और फिलहाल हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों को नसीहत देते हुए कहा कि इसे राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा न बनाएं और सुप्रीम कोर्ट सही समय पर मामले में हस्तक्षेप करेगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में एक छात्र ने इस मामले में याचिका डाली थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को आदेश जारी किया था कि याचिका के लंबित रहने तक कोई भी स्कूल कॉलेजों में धार्मिक ड्रेस ना पहने। इसमें स्कूल कॉलेजों को खोले जाने को भी कहा था। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में सोमवार को भी जारी रहेगी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हम आदेश पारित करेंगे। तब तक स्कूल-कालेज शुरू होने दें। लेकिन जब तक मामला सुलझ नहीं जाता तब तक किसी को भी धार्मिक पोशाक पहनने की इजाजत नहीं होगी। हाईकोर्ट ने कहा, ह्यधार्मिक कपड़े जैसे- हिजाब या फिर भगवा शॉल फैसले के निपटारे तक स्कूल-कालेज परिसरों में नहीं पहने जाएंगे। हम सभी को रोकेंगे। क्योंकि हम राज्य में अमन चैन चाहते हैं।

हाईकोर्ट मुस्लिम छात्राओं की ओर से कालेजों में हिजाब बैन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि फिलहाल वो अन्य मुद्दे पर भी विचार कर रहे हैं कि क्या हेडस्कार्फ पहनना मौलिक अधिकारों के अंतर्गत आता है। कोर्ट ने कहा कि साथ ही वो इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि क्या हेडस्कार्फ पहनना धार्मिक परम्परा का एक अनिवार्य हिस्सा है।

राज्यसभा की कार्यवाही 14 मार्च के लिए स्थगित 8 अप्रैल तक चलेगा बजट सत्र का दूसरा चरण

नई दिल्ली। राज्यसभा की कार्यवाही 14 मार्च तक के लिए स्थगित हो गई है। शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट चर्चा पर जवाब देने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही बजट सत्र का पहला चरण भी समाप्त हो गया है। बजट सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च से आठ अप्रैल तक चलेगा। वित्त मंत्री ने बजट पर सदन को संबोधित किया और फिर इस मुद्दे पर चर्चा समाप्त होने के बाद राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने सदन को स्थगित कर दिया। बता दें कि 17वीं लोकसभा का आठवां सत्र 31 जनवरी से राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को आम बजट पेश किया था। इससे पहले शुक्रवार सुबह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट से निरंतरता आएगी और ये बजट अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाएगा। ये बजट स्थिरता की बात करता है, इस बजट में पिछले साल की कुछ योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है और वो योजनाएं

आने वाले 25 सालों में हमारा मार्गदर्शन करेंगी। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि अगर हमारे पास भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर कोई विजन नहीं होगा तो हमें उसी तरह से भुगतना पड़ेगा जैसे हमें 70 सालों में भुगतना पड़ा जिसमें एक परिवार को बनाने, उसका समर्थन करने और उसको फायदा पहुंचाने के अलावा देश में और कोई विजन नहीं था।

सत्ता में आने पर खनन को फिर करेंगे बहाल : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शुक्रवार को गोवा के दौरे पर पहुंचे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी एक प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया है कि यदि गोवा ने कांग्रेस की सरकार बनती है। तो सत्ता में आने के तुरंत बाद हम यहां स्थायी और कानूनी तरीके से खनन बहाल करने की योजना बनाएंगे। गोवा में सोमवार 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतदान होना है। राज्य की 40 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होंगे और नतीजे 10 मार्च को घोषित किए जाएंगे। गोवा में पार्टी की डूबती नाव को सहारा देने के मकसद से राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। प्रदेश की मौजूदा विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ दो विधायक ही शेष हैं। गौरतलब है कि, पिछली सरकार के दौरान कांग्रेस को दलबदल से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। जिसके चलते पिछले दिनों कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों से एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराया। इस शपथ पत्र में पार्टी के प्रति निष्ठा बनाए रखने की बात कही गई। पार्टी के सभी प्रत्याशियों ने राहुल गांधी के समक्ष ही शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए।

इस दौरान यह वादा भी किया गया कि कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत होने पर वो अगले पांच वर्षों तक पार्टी से इस्तीफा नहीं देंगे। साथ ही किसी अन्य राजनीतिक संगठन में शामिल भी नहीं होंगे। गोवा विधानसभा चुनाव 2022 के लिए कांग्रेस ने गोवा फारवर्ड पार्टी (जीएफपी) के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस ने जहां 37 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं, तो वहीं जीएफपी तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पिछले पांच वर्षों में दलबदल से कांग्रेस सबसे ज्यादा प्रभावित रही है। क्योंकि उसके अधिकांश विधायक पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हो गए। 2017 के विधानसभा चुनाव के बाद 40 सदस्यीय सदन में 17 सीटें जीतकर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी, लेकिन अब सदन में केवल दो विधायक शेष हैं।

रवीना टंडन के पिता और निर्देशक रवि टंडन का 86 साल की उम्र में निधन, सितारों ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। अभिनेत्री रवीना टंडन के पिता और अपने जमाने के मशहूर निर्देशक रवि टंडन का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। इस बात की जानकारी खुद रवीना टंडन के अपने सोशल मीडिया के जरिए दी। रवीना ने सोशल मीडिया पर अपने पिता रवि टंडन के साथ कई तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें याद किया, जिसके बाद कई सितारों ने भी उनके पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। रिपोर्ट्स के अनुसार निर्देशक रवि टंडन का निधन शुक्रवार की सुबह करीब पौने चार बजे हुआ। जिस समय उनका निधन हुआ उस समय वह अपने घर पर ही थे। हालांकि उनके पिता के निधन की वजह सामने नहीं आई है।

रवीना टंडन ने अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए एक भावुक पोस्ट लिखा। पहली तस्वीर में रवीना अपने पिता रवि टंडन का हाथ पकड़े हुए काफी खुश नजर आ रही हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में बेबी रवीना नजर आ रही हैं और उनके पिता ने बड़े ही प्यार से अपनी लाड़ली को गोद में उठाया हुआ है। तीसरी तस्वीर में रवीना अपने पिता के साथ किसी फंक्शन को अटेंड करती हुईं नजर आ रही हैं, तो वहीं चौथी तस्वीर में वह अपने पिता को

प्यार से पकड़ कर उन्हें प्यार करते हुए कैमरा के लिए पोज करती हुईं नजर आ रही हैं। रवीना अपने पिता के निधन से काफी दुखी हैं। अपने पिता को याद करते हुए रवीना टंडन ने अपनी पोस्ट के साथ लिखा, 'आप हमेशा मेरे साथ चलोगे, मैं हमेशा आपकी जैसी रहूंगी। मैं आपको कभी कहीं नहीं जाने दूंगी। लव यूं पापा'।

वैक्सीन के क्षेत्र में भारत सुपर पावर बनने के करीब, 96 प्रतिशत आबादी ले चुकी है एक डोज

नई दिल्ली। कोरोना वैक्सीन विकसित करने और उसके उत्पादन के क्षेत्र में भारत दुनिया का सुपर पावर बनने के करीब है। यह बात इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) के महानिदेशक डा. बलराम भार्गव ने कही है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के योग्य देश की 96 प्रतिशत आबादी को अभी तक वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है, जबकि 75 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को दो खुराक दी जा चुकी हैं। डा. भार्गव ने बताया कि मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। यह वैक्सीन कोरोना संक्रमण से बचाव के अतिरिक्त भविष्य में अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी इस्तेमाल हो सकेगी। अगर हमारी संस्थाओं के कार्यों को देखा जाए तो हमें यह कहने में कोई शक नहीं कि हम जल्द ही वैक्सीन के सुपर पावर होंगे। वैक्सीन के जरिये हम अन्य बीमारियों को रोकने में कामयाब होंगे। आइसीएमआर के प्रमुख ने कहा, बहुत बड़ी संख्या में देश के लोगों ने टीकाकरण अभियान में शामिल होने का उत्साह दिखाया, उसी का

नतीजा है कि कोविड महामारी के तीसरी लहर को रोक पाने में हम कामयाब रहे। तीसरी लहर में बहुत कम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी। ज्यादातर लोग सामान्य दवाओं से घर में रहकर ही ठीक हो गए। 96 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण अभियान से जुड़ना हमारे देश की ताकत है। एमआरएनए वैक्सीन के महत्व को स्पष्ट करते हुए नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डा. वीके पाल ने कहा, हमें इस तरह की वैक्सीन की जरूरत है। यह वैक्सीन का नया प्लेटफार्म है। हमने इस प्लेटफार्म पर वैक्सीन विकसित होते हुए देखी है। कोरोना वायरस को रोकने के लिए इस तरह की वैक्सीन बनाई गई है। दुनिया में यह प्रयोग सफल रहा है। यह वैक्सीन प्रभावी रही है। यह वैक्सीन मानवता के लिए उपहार स्वरूप है। इससे हर वैरिएंट के कोविड को रोकने में मदद मिली है। भविष्य में होने वाली बीमारियों को इस तरह से रोकने की राह मिली है। भारत में पुणे की कंपनी जेनोवा बायो फार्मास्युटिकल्स ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के लिए अधिसूचना जारी, आठ वर्तमान सेवाओं का होगा एकीकरण

नई दिल्ली। रेलवे ने भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आइआरएमएस) के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आइआरएमएस के तहत रेलवे की आठ वर्तमान सेवाओं का एकीकरण किया जाएगा। इससे पहले रेल मंत्रालय ने नौ फरवरी को इसके लिए अधिसूचना जारी की थी। बताते चलें कि रेल मंत्रालय में पीयूष गोयल के कार्यकाल के दौरान इन सुधारों का प्रस्ताव किया गया था। इसको लेकर कुछ अधिकारियों में नाराजगी की बात भी कही जा रही थी। हालांकि, रेलवे ने स्पष्ट किया था कि इससे अधिकारियों की वरिष्ठता प्रभावित नहीं होगी। रेलवे ने कहा कि महाप्रबंधक के 27 पदों को शीर्ष ग्रेड में अपग्रेड किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी पूर्ववर्ती सेवाओं के पात्र अधिकारियों को महाप्रबंधक का शीर्ष ग्रेड मिले। स्वीकृत कैबिनेट नोट में यह भी कहा गया है कि सिर्फ आइआरएमएस के अधिकारी ही रेलवे बोर्ड के सक्रिय सदस्य और चेयरमैन या सीईओ बनाने के पात्र समझे जाएंगे। भारतीय रेलवे के उच्च प्रशासनिक ग्रेड अधिकारी डा जयदीप गुप्ता ने आठ फरवरी, मंगलवार को कोलकाता में पूर्व रेलवे के नए अतिरिक्त महाप्रबंधक (एजीएम) के रूप में पदभार संभाला। वह 1986 बैच के इंडियन रेलवे सर्विस आफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स (आइआरएसइइ) के अधिकारी हैं। केंद्रीय कर्मचारियों व पेंशनभोगियों के फायदे के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। दरअसल, देशभर में रेलवे के 695 अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का एकीकरण अयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को रेलटेल ने दी है, जो कि एक प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन करने वाली संस्था है। एक रिपोर्ट के अनुसार बताया गया है कि रेलवे के अस्पतालों में रेलटेल की ओर से पहले क्रियान्वित किए गए हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉरमेंशन सिस्टम को जोड़ कर एकीकरण हासिल किया गया।

चिंतन मनन

बेलगाम महंगाई

पहले ही महंगाई से जूझ रहे आम आदमी को एक और झटका लग सकता है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चेतावनी दी है कि मार्च तक महंगाई पीक पर पहुंचने की आशंका है। इसके अलावा लोन भी फिलहाल सस्ता नहीं होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इसके मायने यह भी हैं कि आपकी मौजूदा ईएमआई में कोई बदलाव नहीं होगा। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से एक बार फिर से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आरबीआई के गवर्नर ने गुरुवार को साफ किया कि रेपो रेट पहले की तरह ही 4 फीसदी रहेगी और रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी बनी रहेगी। इससे पहले आरबीआई ने मई 2020 में नीतिगत दरों में बदलाव किया था। आज रेट में बदलाव न होने से साफ है कि लगातार दो सालों तक नीतिगत दरें एक समान ही रहेंगी। आरबीआई ने खुदरा महंगाई दर के वित्तीय वर्ष 2021-22 में 5.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया। चौथी तिमाही में यह 5.7 फीसदी रह सकती है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इन्फ्लेशन 4.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। 2022-23 की पहली तिमाही में महंगाई 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 5 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.2 फीसदी रह सकती है। उन्होंने कोरोना काल की बात करते हुए कहा कि हमने बीते दो सालों में देखा है कि दुनिया किस तरह से बदली है। आज भले ही हम इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि भविष्य में क्या होगा, लेकिन हमें भरोसा बनाए रखना होगा। अर्थव्यवस्था के भविष्य के बारे में फिलहाल बात करना आसान नहीं है। जिस तरह से वायरस फैल रहा है, उसे लेकर कुछ भी अच्छा या बुरा होने के बारे में भरोसे से कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि उन्होंने कहा कि हमने बीते दो सालों में बहुत से सबक सीखे हैं। अब हमारा हौसला और उम्मीदें कभी कम नहीं होंगी। आम लोगों के सामने पिछले करीब दो साल से कई तरह की मुश्किलें लगातार पेश आ रही हैं और उनके लिए अपने जीवन को सहज रख पाना एक चुनौती बनी हुई है। महामारी की मार के अलग-अलग रूपों ने रोजमर्रा की जरूरतों से भी समझौता करने के हालात पैदा कर दिए हैं। आय और खर्च का संतुलन इस कदर बिगड़ता जा रहा है कि कई बार लोग लाचार भाव से बाजार की ओर देखते हैं। मसलन, आय में तेजी से गिरावट के साथ घटती क्रय-शक्ति या फिर बेरोजगारी में इजाफे के दौर में महंगाई ने लोगों के जीवन को किस स्तर तक प्रभावित किया है, उससे सभी वाकिफ हैं। जनता का खयाल रखने का भरोसा देने वाली सरकारों को इस समस्या के हल के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत थी। लेकिन हालत यह है कि एक ओर लोगों के सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना भारी पड़ रहा है, दूसरी ओर लगभग सभी जरूरत की चीजों की कीमतें बेलगाम बढ़ती जा रही हैं। खासकर खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई ने लोगों को ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। सरकार का कहना है कि मंहगाई की मौजूदा मुश्किल की वजह खनिज तेलों, मूल धातुओं, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, रसायन और रासायनिक उत्पादों, खाद्य उत्पादों आदि की कीमतों में बढ़ोतरी है। यानी कहा जा सकता है कि सरकार की ओर से ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है, जो थोड़ी राहत का सबब बन सके। हालत यह है कि बहुत सारे साधारण परिवारों को अपनी थाली में कटौती करनी पड़ रही है, क्योंकि बाजार में अनाज से लेकर सब्जियों और खाद्य तेल आदि खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें अब बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। अभी महामारी से मुक्त वक्त की संभावना काफी दूर दिख रही है, जिस वजह से लोग खर्च के मामले में कोई जोखिम उठाने से बच रहे हैं। ऐसे में अनिवार्य वस्तुओं की महंगाई ने लोगों की चुनौती दोहरी कर दी है।

ना अड़ाओ टांग !

मामला हमारा है ।
ना अड़ाओ टांग ।।
ताकत हैं जो बाहरी ।
क्यों रचते हैं स्वांग ?
निपट लेंगे हम ।
है अंदर की बात ।।
बेवजह यूं आप ।
ना बांटो सौगात ।।
देखो अपना मुल्क ।
ना पढ़ाओ पाठ ।।
लोग आपके है पता ।
करते कितने ठाट ।।
बीच में ना कूदो ।
कर लेंगे हम हल ।।
स्वर्णिम ही है रहना ।
आने वाला कल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

मनमाने व्यवहार तथा दुराचार का समर्थन कर समाज व्यवस्था को क्षति पहुँचाने वाला वेलेंटाइन डे

प्रस्तावना – वैलेंटाइन डे प्रतिवर्ष 14 फरवरी को ही क्यों मनाया जाता है? इस दिन का इतिहास क्या है ? ऐसे अनेक प्रश्न हमारे मन में उठते हैं। दुर्भाग्य से, इनमें से किसी भी प्रश्न का कोई सही उत्तर उपलब्ध नहीं है। वैलेंटाइन डे के इतिहास को विभिन्न वेबसाइट पर विविध रूपों में प्रस्तुत किया गया है। यूरोप में अभी भी अस्पष्टता है कि वास्तव में किस व्यक्ति के नाम से वैलेंटाइन डे प्रारम्भ हुआ। जिस प्रकार 1 जनवरी का कोई सामाजिक, धार्मिक, पारिवारिक, वैज्ञानिक या आध्यात्मिक कारण न होते हुए भी उसे मनाया जाता है, उसी प्रकार वेलेंटाइन डे के सन्दर्भ में भी है। इस दिन देशद्रोही वैलेंटाइन को उसके राष्ट्र विरोधी कृत्यों के लिए फाँसी दी गई थी। तीसरी शताब्दी में रोम में वैलेंटाइन नाम का एक पादरी था। उस समय के राजा क्लॉडियस द्वितीय के आदेश की अवहेलना करने के कारण राजा ने वेलेंटाइन को मारने का आदेश दिया था । वास्तव में वेलेंटाइन डे ईसाई धर्म से जुड़ा हुआ है । इस दिन को मनाकर हम एक प्रकार से वैचारिक धर्मांतरण ही करते हैं । 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के अवसर पर 'वेलेंटाइन डे' की वास्तविकता क्या है? क्या सच में वैलेंटाइन डे मनाया जाना चाहिए? आइए इस लेख के माध्यम से यह जानने का प्रयास करते हैं।

ईसाई धर्म से जुड़ा वेलेंटाइन डे – हिंदू धर्म में प्रेम को व्यक्त करने का कभी भी विरोध नहीं हुआ है। हिंदू धर्म में, मानसिक स्तर के प्रेम से कहीं आगे आध्यात्मिक स्तर के प्रेम (निरपेक्ष प्रेम) को श्रेष्ठ माना जाता है। प्रेम-भाव के बिना प्रीति का गुण विकसित नहीं हो सकता; तो हिंदू धर्म प्रेम का विरोध कैसे करेगा? वैलेंटाइन डे ईसाई पंथ से जुड़ा है। हिंदू धर्म में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक आधार है, उदा. दशहरा, दीपावली, गणेश चतुर्थी, श्री राम नवमी आदि त्योहारों का महत्व यही बताता है। इस दिन उन देवताओं का तत्व पृथ्वी पर अधिक प्रमाण में आता है, इसलिए सभी को उसका लाभ होता है । हिंदू धर्म के संतों के पुण्यतिथि के दिन उन उन संतों का तत्व सभी को मिलता हैं। वैलेंटाइन डे, मदर्स डे, फादर्स डे, फ्रेंडशिप डे, यह पाश्चात्य विचार हैं। इसलिए ऐसे दिन को मनाना देश को आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक नुकसान पहुंचाना है।

वेलेंटाइन डे के पीछे का छुपा हुआ अर्थकारण – पश्चिमी लोगों को भी आश्चर्य होगा, भारत में 7 फरवरी से 14 फरवरी तक रोज डे, प्रपोज डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, प्रॉमिस डे, किस डे और वैलेंटाइन डे ऐसे दिन एक के बाद एक मनाए जाते है। ऐसे दिन विदेशों में भी नहीं मनाए जाते। वैलेंटाइन्स डे पर चॉकलेट, खिलौने, भेट वस्तुओं की बड़ी मात्रा में बिक्री होती हैं और विदेशी प्रतिष्ठान इसका लाभ उठाते हैं। भारत में वैलेंटाइन्स डे ग्रीटिंग कार्ड की बिक्री करने वाली कंपनी आर्चीज की बिक्री 10 गुना बढ़ती है। इस दौरान ग्रीटिंग कार्ड बनाने वाले प्रतिष्ठानों का बड़ा कारोबार होता है। इसलिए इन वस्तुओं को खरीदकर हम विदेशी प्रतिष्ठानों को अरबों रुपये का लाभ कमा कर दे रहे हैं। इसलिए वैलेंटाइन डे के पीछे छुपे हुए अर्थकारण को समझना बहुत आवश्यक है।

युवा पीढ़ी को अयोग्य मार्ग पर ले जाने का षड्यंत्र – आज के समय में अधिक से अधिक लड़के-लड़कियां वैलेंटाइन डे मना रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार 30 प्रतिशत से अधिक लड़के इस दिन को लड़कियों के साथ लैंगिक संबंध रखने के लिए मनाते हैं। गर्भनिरोधक निमार्ता के अनुसार अन्य दिनों की तुलना में इस दिन गर्भनिरोधक की बिक्री अधिक होती है। हालांकि, यह इस तथ्य को रेखांकित करता है कि इस दिन अविवाहित लड़के और लड़कियां लैंगिक संबंध रखते हैं। इस कालावधी में गर्भपात का प्रमाण भी अधिक होता है, ऐसे ध्यान में आया है । इस से इस दिन की भयावहता हमारे ध्यान में आती है । इंटरनेशनल बिजनेस टाइम इस दैनिक के अनुसार वैलेंटाइन्स डे के दिन सुसाइड हेल्पलाइन पर सबसे अधिक कॉल आती हैं। इसके पीछे का कारण वैलेंटाइन्स डे पर मन के अनुसार प्यार न मिल पाना, इस कारण निर्माण होने वाला अकेलापन और टूटी हुई मानसिकता है। देश-विदेश के बहुत से लोग भारतीय संस्कृति का अभ्यास करके सुख-शांति का अनुभव कर रहे हैं; परंतु, भारत में युवा पीढ़ी अशांति, दुर्व्यवहार और एड्स का शिकार हो रही है क्योंकि वे इस 'वेलेंटाइन डे' जैसी पश्चिमी संस्कृति का आचरण कर-के स्वयं को धन्य मानती हैं। यह हमारे देश की अच्छी और युवा पीढ़ी को फँसाने का षड्यंत्र है। भारतीय संस्कृति की अपरिमित हानि के साथ-साथ आर्थिक नुकसान ऐसे गलत दिन के कारण हो रहे है।

वैलेंटाइन डे की अपेक्षा मातृ पितृ दिन मनाएं – वैलेंटाइन डे अनेक कम आयु की लड़कियों को मातृत्व देने वाला दिन है, इसलिए इस दिन का निषेध करें, ऐसा विचार प्रसिद्ध वृत्त वाहिनी बीबीसी ने व्यक्त किया परंतु, इस दिन को मातृ-पितृ दिन के रूप में मनाने की नई पद्धति भारत में जोर पकड़ रही है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है, ऐसे भी इस वृतवाहिनी ने कहा था ।

एक निजी कंपनी के एक सर्वेक्षण के अनुसार, वेलेंटाइन डे के आसपास दुनिया और विशिष्ट रूप से संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में तलाक के मामलों की संख्या में 40% की वृद्धि हो रही है। इस अवधि में विवाहित पुरुषों और महिलाओं के बीच विवाहेतर संबंधों की घटनाओं के परिणामस्वरूप तलाक की संख्या में वृद्धि हुई है। भारतीय नागरिकों की आँख बंद करके पश्चिमी देशों की नकल करने की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए, भारतीयों को यह समझना चाहिए कि ऐसी स्थिति भारत में भी उत्पन्न होगी। इस देश में भारतीय संस्कृति की अपार क्षति ऐसे अयोग्य दिन के कारण हो रही है, इसलिए ऐसे दिनों का बहिष्कार किया जाना चाहिए। लोगों द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैलेंटाइन डे की लूट को देखते हुए ऐसे विकृत दिनों को स्थायी रूप से समाप्त कर देना चाहिए।

दुनिया भर के अनेक देशों ने समाप्त किया वैलेंटाइन्स डे – अनेक देशों ने वैलेंटाइन्स डे पर प्रतिबंध लगाकर इस दिन को अलग रूप में मनाने का निश्चय किया है, उदा. स्लोव्हेनिया में 12 मार्च को सेंट ग्रेगरी दिवस मनाया जाता है, 25 जनवरी को वेल्स में डोनवेन दिवस, 12 जून को ब्राजील में अनामोट दिवस। 1969 में रोमन कैथोलिक संतों के कैलेंडर से वेलेंटाइन डे को हटा दिया गया है। इस दिन को मलेशिया ने भी हटाया है। जिसे दुनिया के अनेक देशों ने हटा दिया है ऐसे वैलेंटाइन डे को हमें हटाना चाहिए या नहीं? यह हमें विचार करना है, ऐसे दिन को हम भारतीयों को क्यों महत्व देना चाहिए, हमारी संस्कृति कहती है कि परिवार व्यक्ति से अधिक महत्वपूर्ण है, समाज परिवार से अधिक महत्वपूर्ण है और देश समाज से अधिक महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे कई वीरों ने अपना सब कुछ अर्पण कर दिया और इस के कारण हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई । वो वैलेंटाइन डे को प्रेम का संदेश मानकर विवाह कर लेते तो क्या हमें स्वतंत्रता प्राप्त होती ? आज इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

आइए हिंदू धर्म की उचित शिक्षा के साथ धर्माचरण करें – वेलेंटाइन डे और ऐसे अन्य दिन पश्चिमी लोगों द्वारा बनाई गई बुरी प्रथा है। इस प्रकार का दिन मनाने से हमें जो सुख मिलता है; हिंदू धर्म की शिक्षा में उस सुख के आगे का आनंद प्राप्त करवाने की क्षमता है; इसलिए वैलेंटाइन डे जैसा दिन मनाने की अपेक्षा हिंदू धर्म की उचित शिक्षा लेकर धर्माचरण करना चाहिए। इसके लिए हमें दूसरों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

यह हमारे देश की अच्छी और युवा पीढ़ी को गुमराह करने का एक षड्यंत्र है, वैलेंटाइन डे की पश्चिमी विकृति पर अंकुश लगाने और भारतीय संस्कृति का संवर्धन हो इसलिए इस दिन के विरोध में युध्द स्तर पर प्रचार और प्रसार करने की आवश्यकता है। यदि आप वास्तव में प्रेम को अनुभव करना चाहते हैं, तो आपको हमारे क्रांतिकारी, परमवीर चक्रधारी सैनिक, आतंकवादियों को मारने वाले पुलिस, कमांडो इनसे प्रेम करना सीखना होगा। यहीं से वेलेंटाइन डे को भारत से स्थाई रूप से हटाने के लिए प्रेरणा मिलेगी । यह आज की समय की आवश्यकता है।

प्रयागराज का कमरा

इलाहाबाद यानी प्रयागराज में कमरे का महीना पूरा हुआ नहीं कि उससे पहले ही मकान मालिक अगले महीने का किराया मांगने आकर सर (कपार) पर खड़े हो जाते हैं। चलिए यह तो ठीक है लेकिन अगर किराया देने में 2 दिन लेट हो गया तो किराए के सन्दर्भ में ऐसे व्याख्या करते हैं जैसे अगर अगले दिन आपने मकान मालिक को किराया नहीं दिया तो इनका घर प्रयागराज अथॉरिटी वाले नीलाम कर देंगे। यहां खाली कमरा खोजना भी बहुत डिफिकल्ट टॉस्क होता है, अगर मिल भी गया तो मन मुताबिक मिलना बिल्कुल वैसा ही है जैसे यूपीएससी क्वालीफाई कर लेना। प्रयागराज में रहकर गॉव जवार के तरफ के लड़कों से व्यवहार मेन्टेन रखना है तो खाली कमरे की जानकारी रखना एवं खाली कमरे की खोजबीन करना एक अनिवार्य सी अलिखित शर्त होती है।

डीबीसी यानी दाल भात और चोखा इलाहाबाद का राष्ट्रीय भोज है भला यह अब किसी से छुपा तो है नहीं लेकिन चाय का शौक कब नशे के रूप में परिवर्तित हो जाता है यह किसी को पता नहीं चल पाता।

खैर इन सब मुद्दों पर किसी और दिन विस्तृत में चर्चा की जाएगी अभी बात मुख्य समस्या की यानी मकान मालिक की करते हैं। यहां के मकान मालिक इलाहाबाद में मकान होने को स्वर्गलोक की सीढ़ियों पर घर होने जैसा मानते हैं इसलिए किरायेदारों से ऐसे बर्ताव करते हैं जैसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस महोदय से उनकी लगभग रोज बात होती है।

यहां लगभग हर मकान मालिक ने अपने घर के बाहर एडवोकेट वाला बोर्ड लगवा रखा होता है वह भी इलाहाबाद हाईकोर्ट का और साथ ही में पुलिस विभाग का भी बोर्ड अपने किसी रिश्तेदार का या परिचित का लगवा रखते हैं लेकिन किस लॉजिक से अब यह बात वही लोग जाने।

अपने कमरे की व्याख्या मकान मालिक ऐसे करते हैं जैसे की कमरा न होकर ताजमहल हो, खिड़की पर और दिवाल पर पेपर या नक्शा चिपकाने की सख्त मनाही होती है जो अधिकांशतः कोई नहीं मानता। बुजुर्गवार मकान मालिक अपने कमरे की विशेषता बताते हुए यह बताना नहीं चुकते कि अभी पिछले साल ही इसी कमरे में रहने वाले छात्र का आईएएस के एलायड सर्विस में सलेक्शन हुआ था और वह सलेक्शन के बाद मिठाई लेकर भी आया था। वह बेहद शांत और सौम्य लड़का था , एकदम शांति से रहकर पढ़ाई करता था जैसे लगता ही नहीं था कि कमरे में कोई रहता भी है।

कमरा देने से पहले यहां के अधिकतर मकान मालिक यह फरमान सुना देते हैं कि अण्डा नहीं बनाना है, रात को 10 बजे गेट बन्द हो जाएगा और सुबह 6 बजे ही खुलेगा। अधिकांशतः मकान मालिक तो छात्रों से स्पष्ट कह देते हैं कि अगर कोई महिला मित्र होगी तो कमरे पर लाना मना है, तो आखिरकार कुछ क्रांतिकारी टाइप के छात्रों को कहना ही पड़ता है कि "मेरा न सही कम से कम मेरी शक्ल का तो भरोसा कर लीजिये, आपको लगता है क्या कि मेरी भी कोई महिला मित्र बनेगी" तो इसपर मकान मालिक मन्द-मन्द मुस्कुराते हुए मकान से जुड़े दूसरे अध्यादेश को बताने लगते हैं।

रूम देखकर जाते समय मकान मालिक यह कहना नहीं भूलते हैं कि कल भी कुछ लड़के कमरे को देखकर गए हैं जल्दी से शिफ़्ट हो जाओ नहीं तो कमरा उठ जाएगा। अब यहाँ पानी तो पीने के लिए आरओ का ही मंगवाना पड़ता ही है लेकिन यहां की सबसे बड़ी समस्या नहाने तथा धुलने(बर्तन तथा शरीर) वाले पानी की होती है, कभी पानी आता है तो मकान मालिक अपनी टँकी में भरकर ऊपर से बन्द कर देते हैं तो कभी इनके पारिवारिक झगड़ो की आवाज तो कभी इनके नाती पोतों की धमाचौकड़ी परेशान करती रहती है। व्यथित छात्र चाहते हुए भी छोटे क्रांतिकारियों पर हाथ साफ नहीं कर पाते और अपने मकान मालिक के तोते की आवाज से परेशान होकर उसको किडनैप करने की प्लानिंग तो करीब 2 सालों तक करते रहते हैं लेकिन कभी कर नहीं पाते।

हद तो तब हो जाती है जब गैलरी का कोई एलईडी फ्यूज हो जाता है तो आंटी जी आकर इतने ताव से कहती हैं कि इसको बदलवा दो जैसे कि वह छात्रों के कमरे की एलईडी हो।

पिछले 13 दिनों से किचन के बेसिन का पाईप दो जगह से अपनी बदहाली के आँसू बहा रहा रहा होता है यानी फट चुका होता है। 4 बार मकान मालिक से कहने के बाद छात्र खुद बदलवा लेने की ठान लेते हैं लेकिन मकान मालिक बदलवाने की जहमत नहीं उठाते, कभी-कभार जब छात्र यह कहते हैं कि 'पाईप हम ही लेते आते हैं आप कम से कम प्लम्बर तो बुला दीजिये तब वह हाँ, हूँ तो करते हैं लेकिन जल्दी कुछ निष्कर्ष नहीं निकल पाता।'

फिर भी यहाँ लाखों दक्षिचि इन तमाम झंझावातों को झेलते हुए 8?10 के कमरों में अपना तप कर रहे होते हैं। छात्रों का त्याग एवं संघर्ष जब रंग दिखाता है जो उनके साथ-साथ उनके परिवार की दिशा दशा बदल जाया करती है। सलेक्शन होने या ना होने की दशा में कमरा छोड़ते समय कमरे और मकान मालिक का साथ हमेशा के लिए खट्टी मीठी यादों के साथ छूट जाता है।

दिव्येन्दु राय
स्वतन्त्र टिप्पणीकार

किताब के बहाने मुख्यमंत्री शिवराज का गौरव गान

धर्म, संवेदना, संस्कृति और राजनीति एक ऐसे सम्यक रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं कि देखने-सुनने वाले भी आष्चर्यचकित रह जाएं ? जी हां ! कुछ यही करिष्मा भोपाल में उस समय परिदृष्य में छा गया, जब मध्य-प्रदेष के मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित ग्रंथ विलक्षण जननायक का विमोचन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। अभिनंदन ग्रंथ की तर्ज पर तैयार इस पुस्तक का विमोचन जूना पीठाधीष्वर आचार्य महामण्डलेष्वर स्वामी अवधेषानंद गिरि जी ने भोपाल की पुरानी विधानसभा के भव्य सभागार में किया था। षिवराज सिंह स्वयं मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान थे। विषिश्ठ अतिथि भारतीय जनता पार्टी के सह संगठन मंत्री षिवप्रकाष थे। इस ग्रंथ के प्रकल्प की परिकल्पना राश्ट्रीय स्वयं संघ के समाचार-पत्र स्वदेष (ग्वालियर) की थी। इसीलिए इस प्रसंग का विशय भारतीय राजनीति में सेवा, संवेदना और संस्कृति रखा गया था। लेकिन समारोह में इस विशय की व्यापक विलक्षण्ता केवल मुख्यमंत्री षिवराज के व्यक्तित्व व कृतित्व में समेट दी गई। एक तरह से कहा जा सकता है कि संघ और स्वदेष का यह मिला-जुला आयोजन षिवराज के राजनीतिक व्यक्तित्व और कार्य-संस्कृति में सेवा और संस्कृति जैसे उदात्त तत्वों को स्थापित करना था। जिससे स्थापित हो कि उपरोक्त विशयों के परिप्रेक्ष्य में षिवराज सिंह की मूल्यानुगत राजनीति को एक नया फलक मिले। इस नाते इस पुस्तक के संपादकीय दायित्व से जुड़े अतुल तारे, गिरिष उपाध्याय, डॉ अजय खेमरिया और सुरेष हिंदुस्तानी सफल रहे हैं। स्तुतिगान से जुड़े करीब 140 लेख इसमें संग्रहीत हैं। अजय खेमरिया के वाक्चातुर्य से उन सुप्रसिद्ध लेखक व पत्रकारों से भी षिवराज की महिमा का गुणगान करा लिया गया, जो संघ या भाजपा की विपरीत विचारधारा के अलंबरदार रहे हैं। इनमें वामपंथी, कांग्रेसी और गांधीवादी भी हैं। पुस्तक को देख व पढ़कर लगता है कि सत्ता के प्रभाव में वैचारिक मतांतरण होने लग गया है।

"आखिर विकास का मुद्दा चुनाव भर ही क्यों रहता है"

[वरिष्ठ पत्रकार आचार्य श्रीकांत शास्त्री]

यूपी चुनाव 2017 के माध्यम से लोकसभा 2024 के चुनाव की चाबी अपने पास बरकरार रखने का प्रयास पक्ष कर रहा है एवं पाने का प्रयास विपक्ष कर रहा है। जिसके लिए दोनों तरफ से अभी से तेजी से प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख प्रदेश के साथ और चार राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे है। लेकिन जितना मुंह जबानी विकास की गंगा उत्तर प्रदेश में सब दलों के द्वारा बहाई जा रही हैं उतना अन्य प्रदेशों में नहीं। क्योंकि सबको मालूम है की दिल्ली की सत्ता पाने के लिए यूपी से ही जाया जाता है। इसलिए यहां शोर मचाया जा रहा है। विपक्षियों को जब मौका मिला था तब वे अपने पसंदीदा स्थान तक ही सीमित रहें। अब पूरे प्रदेश एवं देश के विकास की चर्चा कर रहे हैं। इसी के साथ-साथ जो अपराधी अभी तक बुलडोजर मुख्यमंत्री के भय से भूमिगत थे अब वे विपक्षी पार्टियों के प्रत्याशी बनकर सरकार को कोस रहे हैं और अपनी भड़ास निकाल रहे हैं, इनके इस पैतरे को प्रदेश की जनता खूब समझ रही है, इसीलिए योगी अपने हर चुनावी भाषण में बुलडोजर की चर्चा करते हैं और जिसको जनता खूब पसंद कर रही है जिसके बल पर ही योगी अपनी साख बचाने एवं सरकार बनाते दिख रहे हैं।

पहले चुनाव में बिजली, सड़क, पानी, सफाई का मुद्दा विपक्ष उठाता था लेकिन योगी सरकार ने इस कार्य को पूरा करके मुद्दा ही खत्म कर दिया, अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है अब विपक्ष अपनी दुकान चलाने के लिए केवल किसान, युवा, महंगाई की बात करके अपनी नाकामियों एवं किए गए कारनामों को छुपाना चाहती है। जिसको जनता बखूबी समझ रही है, जब प्रदेश की बागडोर इन लोगों के पास थी तो इन लोगों द्वारा क्या किया गया यह किसी से छिपा नहीं है। इसीलिए जनता ने 2017 के चुनाव में समूचे विपक्ष को औंधे मुंह खड़ा कर दिया था, लगता है इस बार भी विपक्ष का यही हाल होगा।

बताते यह भी चलेंगे की योगी सरकार के कुछ मंत्री भी योगी के साख में बट्टा लगाने की कोशिश कर रहे थे, जिसकी चर्चा आम जन में होने लगी थी जब इस चीज की जानकारी योगी को हुई तो योगी जी द्वारा उनमें से कुछ मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया, कुछ को महत्वपूर्ण विभाग बदल कर, ऐरा गैरा नत्थू खैरा विभाग दे दिया गया, ऐसा पिछली सरकारों में कभी नहीं देखा गया था बल्कि उन्हें लूटने का पूरा मौका दिया जाता था, यहां तक कि विपक्ष के हर कामों में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता था। पहले समूचा विपक्ष भाजपा से सवाल करता था की मंदिर कब बनेगा मंदिर हम बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे, जिस काम को भी डबल इंजन की सरकार ने पूरा करके समूचे विपक्ष का मुंह बंद कर दिया, अब विपक्ष मुद्दाविहीन होकर डाटा में एवं ठेका में गड़बड़ी की बात कर रहा है, जबकि इन लोगों के सरकारों में किस तरह से डाटा और ठेका चलाया जा रहा था जिसको प्रदेश की जनता अभी भूली नहीं है।

विपक्ष द्वारा सरकारी नौकरी सहित आदि विभागों में गड़बड़ी की बात उठाई जा रही है इनके कार्यकाल में किस तरह से कार्य होते थे जिसका जवाब जनता इनको पिछले कई चुनाव से देती चली आ रही है, इसके बावजूद विपक्ष द्वारा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था गड़बड़ बताया जा रहा है, जबकि पिछली सपा सरकार में कानून व्यवस्था कैसी थी, कहां थी किस प्रकार से थी जिससे कराहकर प्रदेश की जनता इन्हें उखाड़ कर फेंकी थी, इसके बावजूद भी विपक्ष द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताई जा रही है, अब इस उपलब्धि को क्या कहा जाएगा जनता इसका जवाब इस चुनाव में इनको पुनः देगी,

प्रदेश की वर्तमान योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा जिस प्रकार से हर विभाग में जनहित के लिए अमूल चूल परिवर्तन करने का प्रयास किया गया वह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन इसी बीच 2 साल पूरा कोरोना महामारी ने ले लिया, साथ ही सरकार में शामिल कुछ अन्य दलों के असहयोग कुछ अपनों के असहयोग से और नए होने के कारण पूरा कार्य नहीं कर सके, जिसको जनता समझ रही है जहां सरकारी स्कूलों में अध्यापक स्टाफ दिखाई नहीं पड़ते थे वहां योगी के भय से टाइम टू टाइम खड़े दिखने लगे कमोवेश इसी तरह से हर जगह दिखाई पड़ने लगे, यही यह भी दिखाई पड़ रहा था कि योगी सरकार के गांव, मोहल्ला, नगर पंचायत, ब्लॉक, थाना, तहसील, नगर निकाय जिला, मंडल, रेंज, जोन, प्रदेश के कुछ निठल्ले कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के विपरीत कार्य किया गया जिसको देखने की जिम्मेदारी उनकी पार्टी के नेताओं पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों, मंत्रियों की थी लेकिन वो आंख, कान, मुंह, बंद करके बैठे रहे जिसकी वजह से जनता में कुछ क्षोभ व्याप्त है। जिसकी वजह से योगी को कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इसी सबको देखकर मुद्दाविहीन विपक्ष आई बाई साईं बककर जनता को गुमराह करना चाह रहा है लेकिन जनता सब कुछ जानती है, जनता यह भी जानती है कि पश्चिम से पूरब उत्तर से दक्षिण मे पिछली सरकारों में क्या हो रहा था और वर्तमान सरकार में क्या हो रहा है। पहले की सरकारों में कहां कब दंगा हो जाएगा इसका कोई ठिकाना नहीं रहता था लेकिन वर्तमान सरकार मे अमन शांति है यह किसी से छिपा नहीं है सारे आंकड़ों में सबसे ऊपर अमन शांति, पानी, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा रहता है जो इस सरकार में पिछली सरकारों से बेहतर है इसीलिए विपक्षियों के मुंह पर नकली विकास की बात जोरों पर है।

(वरिष्ठ पत्रकार आचार्य श्रीकांत शास्त्री, लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

हरि विष्णु

के तीसरे अवतार का समपूर्ण जीवन चरित्र

ईश्वर अनंत है। वे सर्वशक्तिमान, करुणामय परमात्मा अपना कोई प्रयोजन न रहने पर भी साधु-परित्राण, धर्म-संरक्षण एवं जीवों पर अनुग्रह करने के लिए शरीर धारण कर लिया करते हैं। श्री हरि विष्णु ने धर्म रक्षा एवं लोक कल्याणार्थ 24 बार अवतार लिया जिसमें तीसरे अवतार के रूप में देवर्षि नारद का अवतार होता है।

मंगलमूर्ति देवर्षि नारद जी मन के अवतार हैं। श्री हरि विष्णु जो कुछ भी करना चाहते हैं, तीनों लोकों में विराजमान सर्वदर्शी वीणापति देवर्षि नारद जी के द्वारा वैसी ही चेष्टा होती है।

देवर्षि नारद जी परम तपस्वी और ब्राह्मतेज से सम्पन्न हैं जो देवराज इंद्र के द्वारा दिए हुए उज्ज्वल, महीन, दिव्य शुभ और बहुमूल्य वस्त्र धारण करते हैं। वह वेद एवं उपनिषदों के ज्ञाता, देवताओं द्वारा वंदनीय, पूर्वकल्पों की बातों के जानकार, महाबुद्धिमान और असंख्य सद्गुणों से सम्पन्न महातेजस्वी, भगवान से प्राप्त वीणा से श्री हरि विष्णु के मधुर मनोहर मंगलमय नाम एवं गुणों का गान करते हुए लोक-लोकांतरों में विचरण करते हैं। वह मुक्ति की इच्छा रखने वाले प्राणियों के हित के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने त्रैलोक्य में कितने प्राणियों को किस प्रकार परम प्रभु के पावन पद पद्यों में पहुंचा दिया, इसकी गणना संभव नहीं।

भगवान नृसिंह के अवतरण की पृष्ठभूमि में जाएं तो उसमें देवर्षि नारद का ही योगदान रहा है। बालक प्रह्लाद की दृढ़ भक्ति से भगवान नृसिंह अवतरित हुए। प्रह्लाद के इस भगवद्विश्वास एवं प्रगाढ़ निष्ठा में देवर्षि नारद ही प्रमुख मार्गदर्शक थे। जब भक्त प्रह्लाद गर्भ में थे, उसी समय माता दैत्येश्वरी कयाधू को देवर्षि नारद जी ने भक्ति और ज्ञान का उपदेश दिया। प्रह्लाद जी का वही ज्ञान उनके जीवन और जन्म को सफल बनाने में सहायक रहा।

राजकुमार ध्रुव ने जब पिता के तिरस्कार से व्यथित होकर वन की ओर प्रस्थान किया, उस समय देवर्षि नारद ने उन्हें भगवान वासुदेव का मंत्र दिया तथा उन्हें उपासना की विधि विस्तारपूर्वक बताई। दक्ष प्रजापति ने पंचजन की पुत्री असिक्री से हर्यश्व नामक दस सहस्त्र पुत्र उत्पन्न कर उसे सृष्टि विस्तारण का आदेश दिया और एतदर्थ वे पश्चिम दिशा में सिंधु नदी और समुद्र के संगम पर स्थित पवित्र नारायण सर पर तपश्चरण करने पहुंचे तब देवर्षि नारद जी ने अपने अमृत मय उपदेशों से उन सभी में विरक्ति ला दी जिससे दक्ष प्रजापति बड़े दुखी हुए।

उन्होंने फिर शावलश्व नामक एक सहस्त्र पुत्र उत्पन्न किए। देवर्षि नारद जी ने उन्हें भी भगवच्चरणाविन्दों की ओर उन्मुख कर दिया जिससे क्रुद्ध होकर दक्ष प्रजापति ने अजातशत्रु देवर्षि नारद को शाप दे दिया कि तुम लोक लोकांतरों में भटकते ही रहोगे। देवर्षि नारद ने दक्ष प्रजापति के श्राप को प्रभु श्री हरि विष्णु की मंगलमयी इच्छा समझकर स्वीकार कर लिया और तब से ये लोक कल्याणार्थ एवं धर्म रक्षा के लिए तीनों लोकों में विचरण कर रहे हैं।

शास्त्रों में मिलता है कि जब व्यास जी ने वेदों का विभाग तथा पंचम वेद महाभारत की रचना कर ली लेकिन मन में अपूर्ण कार्य की अनुभूति हो रही थी, इस कारण खिन्न हो रहे थे, तब देवर्षि नारद जी उनके समीप पहुंच गए और व्यास जी के पूछने पर बताया कि आपने भगवान के निर्मल यश का गान प्राय- नहीं किया। मेरी ऐसी मान्यता है कि वह शास्त्र या ज्ञान सर्वथा अपूर्ण है जिससे जगदाधार स्वामी संतुष्ट न हों। वह वाणी आदर के योग्य नहीं है जिसमें श्री हरि की परमपावनी कीर्त वर्णित न हो। देवर्षि नारद कहते हैं कि व्यास जी आपका ज्ञान पूर्ण है, आप भगवान की ही कीर्त का उनकी प्रेममयी लीला का वर्णन कीजिए। नारद जी ने कुल 84 सूत्र दिए हैं जिनमें भक्त और भगवान के आदर्श संबंधों की वृहद व्याख्या है जो स्पष्ट, सटीक और सहज है।

द्वापर में जब दुर्योधन के छल और कुटिल नीति से पांडवों ने अरण्य के लिए प्रस्थान किया, उस समय भारतवंशियों के विनाश सूचक अनेक प्रकार के भयानक अपशकुन होने लगे। चिंतित होकर इस संबंध में धृतराष्ट्र और विदुर परस्पर बातचीत कर ही रहे थे कि उसी समय महर्षियों से घिरे देवर्षि नारद जी कौरवों के सामने आकर खड़े हो गए और सुस्पष्ट शब्दों में उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा -

इतश्चतुर्दश वर्से विनक्ष्यन्तीह कौरवा-।
दुर्योधनपराधेन भीमार्जुनबलेन च।।

अर्थात आज से चौदहवें वर्ष में दुर्योधन के अपराध से भीम और अर्जुन के पराक्रम द्वारा कौरवों का नाश हो जाएगा। इतना कह कर महान ब्रह्मतेजधारी नारद जी आकाश में जाकर सहसा अंतर्ध्यान हो गए। जब अविनाशी नारायण और नर बद्रिकाश्रम में घोर तप करते हुए अत्यंत दुर्बल हो गए थे और उस परम तेजस्वी प्रभु का दर्शन अत्यंत दुर्लभ था, उस समय नारद जी महामेरु पर्वत से गंधमादन पर्वत पर उतर गए और जब भगवान नर और नारायण के समीप पहुंचे तब उन्होंने शास्त्रीय विधि से देवर्षि नारद जी की पूजा अर्चना की।

नारद जी ने उनसे अनेक प्रश्नों का तृप्ति कर उत्तर प्राप्त किया और फिर उनकी अनुमति से श्वेतद्वीप में पहुंच कर श्री भगवान के विश्वस्वरूप का दर्शन लाभ कर पुन- गंधमादन पर्वत पर श्री नर-नारायण के समीप चले गए। नारद जी ने भगवान नर-नारायण को सारा वृत्तांत सुनाया और उनके समीप दस सहस्त्र दिव्य वर्षों तक रहकर वे भजन एवं मंत्रानुष्ठान करते हैं।

देवर्षि नारद जी की कीर्त यशगान एवं कृतित्व व्यक्तित्व पर सभी धर्म शास्त्रों में वर्णन मिलता है। स्कंदपुराण में इंद्रकृत देवर्षि नारद जी की अत्यंत सुंदर स्तुति है। उसके संबंध में एक बार भगवान श्री कृष्ण ने नारद जी के गुणों की प्रशंसा करते हुए राजा उग्रसेन से कहा था कि मैं देवराज इंद्र द्वारा किए गए स्तोत्र से दिव्य दृष्टि सम्पन्न देवर्षि नारद जी की सदा स्तुति किया करता हूं।

सर्वे सुहृद देवर्षि नारद जी ही एक मात्र ऐसे हैं जिनका सभी देवता और दैत्यगण समान रूप से सम्मान एवं विश्वास करते हैं उन्हें अपना शुभेच्छु समझते हैं। निश्चय ही वह दयामय सबके यथार्थ हित, साधक के लिए सचित्त और प्रयत्नशील रहते हैं, जब भी करुणामय प्रभु के सच्चे प्रेमी भक्तों को उनके दर्शन हो जाते हैं।

रुद्र संहिता के अनुसार जब राजकुमारी श्रीमती के स्वयंवर में शामिल होने देवर्षि नारद पहुंचते हैं वहां पर उनका चित्त माया से मोहित हो रहा था, उस समय परमेश्वर की कृपा से महादेव जी के दो गण, देवर्षि नारद का उपहास कर रहे थे उन्हें वह शाप दे दिया लेकिन जब दोनों गणों ने देवर्षि नारद जी के पास शापमुक्ति का उपाय पूछा तो उन्होंने कहा कि मैंने जो कुछ शाप में कहा है वह वैसा ही होगा। आप दोनों मुनिवर विश्रवा के पुत्र के रूप में जन्म लेकर रावण कुंभकर्ण के रूप में राक्षस राज का पद प्राप्त करेंगे। वैभव से युक्त परम प्रतापी भी होंगे, समस्त ब्रह्मांड के राजा होकर शिव भक्त एवं जितेंद्रिय होंगे और शिव के ही दूसरे स्वरूप श्री विष्णु के हाथों मृत्यु पाकर फिर अपने पद पर प्रतिष्ठित हो जाएंगे।

इतना ही नहीं देवर्षि नारद जी ने ब्रह्मा जी से शिव तत्व के उत्तम महात्मय का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग, तपोमार्ग, दानमार्ग तथा तीर्थमार्ग का वर्णन सुनकर तीनों लोकों में विचरण कर शिव तत्व का प्रचार-प्रसार कर मोक्ष प्राप्त करने का उपाय जीव जंतुओं का बताया।

पुरूषोत्तम मास के दूसरे शनिवार को इस तरह करें पूजा, शनि देव की बरसने लगेगी कृपा

अधिकमास में भगवान विष्णु के साथ ही अन्य देवताओं की भक्ति करने का भी शास्त्रों में उल्लेख है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार मान्यता है कि अधिकमास में शनिवार के दिन शनि देव की पूजा करने से शनि दोष से मुक्ति प्राप्त होती है। इस दिन शनि देव की पूजा करनी चाहिए एवं व्रत रखना चाहिए।

18 सितम्बर से अधिक मास प्रारंभ हो गया है। अधिकमास को मल मास या पुरूषोत्तम मास भी कहा जाता है। यह अधिकमास भगवान विष्णु की पूजा के लिए खास माना जाता है। इस बार के अधिक मास में विशेष संयोग बन रहें है जो 165 वर्ष बाद बन रहें है। इसमें भगवान श्री विष्णु के साथ ही अन्य देवताओं की भी पूजा कर उन्हें प्रसन्न करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होने लगती है। अधिकमास का समापन 16 अक्टूबर को होगा। इस दौरान भगवान विष्णु की अनेक रूप में पूजा करनी चाहिए जिससे विशेष फल मिलता है। मल मास का दूसरा शनिवार 26 सितम्बर को आ रहा है। इस दिन भगवान शनि की पूजा करना बहुत ही शुभ माना गया है। हम आपको अधिकमास के शनिवार को शनि देव की किस तरह पूजा करनी चाहिए। इस बारे में बताने जा रहे हैं।

शनिवार को करें रूद्राभिषेक

अधिकमास में शनिवार का दिन अहम माना गया है।

इस दिन शनि की पूजा करने से अनेक प्रकार के लाभ मिलते हैं। शास्त्रों के अनुसार अधिकमास के शनिवार को रूद्राभिषेक करना बहुत ही महत्वपूर्ण बताया गया है। अगर आपको नवग्रहों के द्वारा अशुभ फल प्राप्त हो रहा है तो आपको अधिकमास के शनिवार को उनकी विशेष पूजा करनी चाहिए। अगर आपको शनि की ढैय्या अथवा साढ़ेसाती है तो आपको शनिवार के दिन रूद्राभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने से आपके जीवन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं रहेगी। साथ ही आपका गृहस्थ जीवन भी शांति के साथ बीतेगा। अधिकमास में जिस तरह भगवान विष्णु की पूजा को काफी महत्वपूर्ण मानी गई है उसी प्रकार अधिकमास के हर शनिवार को शनि देव की पूजा करना भी बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। शनिवार का दिन शनि देव का रहता है और वे अधिकमास में की गई पूजा से आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

इस तरह करें शनि देव की पूजा

अधिकमास में भगवान विष्णु के साथ ही अन्य देवताओं की भक्ति करने का भी शास्त्रों में उल्लेख है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार मान्यता है कि अधिकमास में शनिवार के दिन शनि देव की पूजा करने से शनि दोष से मुक्ति प्राप्त होती है। इस दिन शनि देव की पूजा करनी चाहिए एवं व्रत रखना चाहिए। जिससे शनि देव की कृपा बनी रहती है। इसलिए अधिकमास के प्रति शनिवार प्रातःकाल उठकर किसी पवित्र नदी में स्नान कर शनि देव के नाम की डुबकी लगाना चाहिए। जिसके बाद भगवान हनुमान व शनि देव की आराधना करते हुए तिल व लौंगयुक्त जल पीपल के पेड़ पर चढ़ाना चाहिए। इसके बार शनिदेव की प्रतिमा के समीप बैठकर उनका ध्यान लगाते हुए मत्रोंच्चारण करना चाहिए। पूजा करने के बाद काले वस्त्र, काली वस्तएं किसी जरूरतमंद या गरीब को दान करें। अगर मल मास के अंतिम शनिवार को शनि देव की पूजा के साथ ही साथ हवन व अनुष्ठान किया जाए तो उसका भी विशेष फल प्राप्त होता है। इस तरह से अधिकमास में कि गई शनि देव की पूजा से शनिदोष से मुक्ति मिलती है एवं शनि देव की कृपा बरसने लगती है।

अधिक मास का महत्व

हिन्दू धर्म में अधिक मास या मलमास का बहुत ही महत्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार एक समय अधिक मास को लोग मलमास कहने लगे थे। जिससे वे नाराज होकर अपनी इस पीड़ा को लेकर भगवान विष्णु के पास चले गए एवं कहने लगे की अधिक मास का कोई स्वामी नही है इसलिए मलमास कहा जाता है। अधिक मास की इस पीड़ा को सुनकर भगवान विष्णु ने अधिक मास को अपना ना दिया। जिसके बाद से अधिक मास को पुरुषोत?तम मास कहा जाने लगा। भगवान विष्णु का एक नाम पुरूषोत्तम भी है। कहा जाता है कि अधिक मास को वरदान देते हुए भगवान विष्णु ने कहा था कि अधिक मास में जो भी व्यक्ति मेरी पूजा, उपासना आदि करेगा। उससे वे प्रसन्न होकर अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे और हर प्रकार की मनोकानाओं को पूर्ण करेंगे। इसलिए अधिक मास में भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। कहा जाता है कि अधिकमास में पवित्र नदी में स्नान करना, पूजन करना, अनुष्ठान करना और दान देने से विशेष फल प्राप्त होते है और हर प्रकार की मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

वास्तु

ऑफिस में इन वास्तु टिप्स को आजमा कर पाएं तरक्की

वास्तु शास्त्र के अनुसार किसी भी ऑफिस का मुख्य द्वार उत्तर पूर्व दिशा की तरफ अगर खुलता है तो यह बेहद शुभ होता है। वहीं अगर ऐसा ना हो तो कहा जाता है कि यह ऑफिस हमेशा विवादों में फंसा रह सकता है।

ऑफिस ऐसी जगह है, जहां किसी भी कामकाजी मनुष्य के जीवन का

महत्वपूर्ण समय व्यतीत होता है, और हर कोई अपने ऑफिस में आजीविका के लिए धन कमाने का प्रयास करता है। यकीन मानिये, ऑफिस का निर्माण भी घर के निर्माण जितना ही महत्त्वपूर्ण है। ऐसे में ऑफिस के निर्माण के समय वास्तु-शास्त्र के नियमों को जान लेना बेहद आवश्यक है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार किसी भी ऑफिस का मुख्य द्वार उत्तर पूर्व दिशा की तरफ अगर खुलता है तो यह बेहद शुभ होता है। वहीं अगर ऐसा ना हो तो कहा जाता है कि यह ऑफिस हमेशा विवादों में फंसा रह सकता है।

ऑफिस की दीवारों को रंगने के लिए हल्के रंगों का चुनाव करना वास्तु के अनुसार शुभ बताया गया है। ऑफिस की दीवारों को रंगने के लिए सफेद क्रीम या पीले रंग का चुनाव कर सकते हैं, क्योंकि यह हल्के रंग रोशनी को कम करते हैं। वहीं अगर आप ऑफिस में पानी की व्यवस्था ईशान कोण में करते हैं तो यह आपके लिए बेहद शुभ होगा। ईशान कोण यानि कि उत्तर पूर्व दिशा।

ऑफिस के मेन गेट के ठीक सामने किसी भी टेबल को नहीं रखना चाहिए, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित करता है। वहीं, ऑफिस के मुख्य गेट के सामने किसी शुभ चिन्ह जैसे कि भगवान गणेश या स्वास्तिक को लगाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा आपके ऑफिस में प्रवेश करती है।

इसके साथ ही ऑफिस के मालिक या बॉस का कमरा मुख्य द्वार से लगा लगा हुआ या सटा हुआ नहीं होना चाहिए। मुख्य द्वार पर किसी ऐसे कर्मचारी का टेबल लगा होना चाहिए, जो आगंतुकों और बॉस के बीच में संपर्क स्थापित करने में मदद करता है। आधुनिक भाषा में आप कह सकते हैं कि ऑफिस के मेन गेट के पास रिसेप्शन होना चाहिए। ऑफिस के मालिक या बॉस की कुर्सी के पीछे कभी भी खिड़की का निर्माण ना हो और ना ही बॉस की कुर्सी के ऊपर बीम पड़े, क्योंकि यह आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।

बॉस की कुर्सी के पीछे अगर मजबूत दीवार बनी हो तो वास्तु के हिसाब से यह बेहद शुभ होता है। बॉस की टेबल पर जो भी महत्वपूर्ण फाइलें और डाक्यूमेंट्स रखे जाते हैं, उनका मुंह उत्तर पूर्व की दिशा की तरफ रखा जाए, तो कारोबार में तरक्की होने की संभावना बढ़ जाती है। कंप्यूटर अगर बॉस के टेबल पर रखा है, तो कुर्सी और कंप्यूटर के बीच में कम से कम 2 फीट की दूरी जरूर रहे।

वास्तु शास्त्र कहता है कि ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों के चेहरे उतर या पूर्व की तरफ होना चाहिए, इससे ऑफिस की तरक्की होती है।

ऑफिस में काम करने वाले कैशियर या खजांची को लेकर वास्तु शास्त्र में कहा गया है कि कभी भी कैशियर को सभी कर्मचारियों के साथ नहीं बैठना चाहिए, बल्कि कैशियर को अलग से स्थान देना चाहिए ।

इसी तरह से ऑफिस में बेकार पड़ी चीजों को एकत्रित ना करें, बल्कि समय-समय पर उनकी साफ-सफाई करते रहें और बेकार चीजों को बाहर निकालते रहें। जाहिर तौर पर बेकार पड़ी चीजें नकारात्मकता को बढ़ावा देती हैं और मानसिक तनाव का कारण बनती हैं।

अगर ऑफिस निर्माण के समय इन बातों पर ध्यान दिया गया तो अवश्य ही आपका ऑफिस तरक्की करेगा।

कांबोडिया में स्थित है विश्व का सबसे बड़ा 'हिन्दू मंदिर'

अंकोरवाट के इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में बताया जाता है और इसका निर्माण कार्य राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने आरंभ कराया था। ऐसा कहा जाता है कि राजा सूर्यवर्मन को अमरत्व की लालसा थी, जिसके लिए वह देवताओं को खुश करना चाहते थे।भारत स्थित तमाम छोटे-बड़े हिंदू मंदिरों के बारे में आपने अवश्य सुना होगा, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे विशाल हिंदू मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत में नहीं बल्कि विदेश में बना हुआ है और उसकी टक्कर का विशाल मंदिर खुद भारत में भी नहीं है।जी हां! हम बात कर रहे हैं विश्व के सबसे बड़े हिंदू मंदिर 'अंगकोर वाट' के बारे में, जो कंबोडिया में स्थित है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर को टाइम मैगजीन ने दुनिया की आश्चर्यजनक चीजों में शामिल किया है। इस मंदिर का प्रांगण हजारों वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और यही वजह है कि इसे दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर कहा जाता है।यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित कर बनाया गया है और इस मंदिर को लेकर कंबोडिया देश के नागरिकों में गहन आस्था है। इतना ही नहीं इस मंदिर को कंबोडिया के राष्ट्रीय ध्वज में भी स्थान दिया गया है तथा इसे इस देश के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में माना जाता है।

कैसी है मंदिर की बनावट?

अंकोरवाट के इस मंदिर की दीवारों पर आप हिंदू धर्म ग्रंथ, रामायण और महाभारत के पात्रों को उकेरे हुए देख सकेंगे। इतना ही नहीं, इस मंदिर की दीवारों पर समुद्र मंथन के दृश्यों को भी उकेरा गया है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान इंद्र ने अपने पुत्र के निवास के लिए इस मंदिर का निर्माण कराया था।अंकोरवाट के इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में बताया जाता है और इसका निर्माण कार्य राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने आरंभ कराया था। ऐसा कहा जाता है कि राजा सूर्यवर्मन को अमरत्व की लालसा थी, जिसके लिए वह देवताओं को खुश करना चाहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने एक ऐसे स्थान का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया, जहाँ ब्रह्मा, विष्णु, महेश की आराधना एक साथ की जा सके। अंकोरवाट मंदिर कम्बोडिया का एक मात्र ऐसा मंदिर है, जहाँ तीनों देवताओं की मूर्तियां एक साथ स्थापित हैं। बताया जाता है कि 14वीं शताब्दी में इस मंदिर को पूर्ण करने का काम राजा धर्मेंद्र वर्धन के द्वारा हुआ।

क्या है इतिहास?

इतिहासकारों का कहना है कि 13वीं शताब्दी के अंत तक कंबोडिया पर बौद्ध धर्म के अनुयायियों का कब्जा शुरू हो गया, जिसके बाद अंकोरवाट मंदिर की संरचना में भी तमाम तरह के परिवर्तन होने लगे और मंदिर पर बौद्ध धर्म का प्रभाव बढ़ने लग गया।

विक्की कौशल के साथ नहीं सलमान खान के साथ वेलेंटाइन डे मनाएंगी कैटरीना कैफ?

विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से एक हैं। जब से उन्होंने शादी की है तब से वे अपने प्रशंसकों का दिल जीत रहे हैं। 9 दिसंबर, 2021 को इस जोड़े ने राजस्थान में शादी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस फिलहाल नई दिल्ली में सलमान खान के साथ टाइगर 3 की शूटिंग कर रही हैं। यह फिल्म का आखिरी चरण है और यही वजह है कि वह वैलेंटाइन डे के दिन वह विक्की से दूर रहेंगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा किया जा रहा है कि विक्की कौशल अपनी पत्नी के साथ रहने और विशेष दिन मनाने के लिए मुंबई से दिल्ली के लिए उड़ान भर सकते हैं। बता दें कि शादी के बाद ये कपल का पहला वैलेंटाइन डे होगा। आपको याद हो तो कटरीना अपनी पहली लोहड़ी मनाने के लिए इंदौर के लिए रवाना हुई थीं। उस समय, विक्की मध्य प्रदेश के इंदौर में सारा अली खान के साथ लक्ष्मण उटेकर की अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। दोनों ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मनमोहक तस्वीरें साझा कीं और प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं, "हैप्पी लोहड़ी!" खैर, एक्शन-ड्रामा टाइगर 3 सलमान खान और कैटरीना कैफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फ्रेंचाइजी की दो फिल्में ब्लॉकबस्टर रहीं। काम के मोर्चे पर, विक्की कौशल को आखिरी बार शूजित सरकार द्वारा निर्देशित सरदार उधम में देखा गया था। उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई और उनके प्रदर्शन को काफी सराहा गया। और अभिनेता शाहरुख खान की अगली फिल्म के लिए भी बातचीत कर रहे हैं। पिंकविला को पता चला है कि राजकुमार हिरानी अपनी अगली फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विक्की कौशल के साथ बातचीत कर रहे हैं, जिसके लीड में शाहरुख खान है। कैटरीना कैफ को आखिरी बार अक्षय कुमार, अजय देवगन और रणवीर सिंह के साथ सूर्यवंशी में देखा गया था।

सोनी ने नया वॉयस कमांड फीचर जारी किया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सोनी ने प्लेस्टेशन 5 के लिए एक नया बीटा अपडेट जारी किया है, जिसमें नए वॉयस असिस्टेंट के साथ बेहतर सेटिंग्स मेनू यूआई जैसी नई सुविधाएं शामिल हैं। एक आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में, सोनी ने पुष्टि की है कि वह प्लेस्टेशन 5 के लिए एक नए 'हे प्लेस्टेशन' वॉयस कंट्रोल फीचर का परीक्षण शुरू करेगा। वॉयस कमांड प्रीव्यू केवल यूके और यूएस में उपलब्ध होगा, लेकिन संभावना है कि बीटा चरण से बाहर होने के बाद यह विश्व स्तर पर उपलब्ध होगा। बीटा में भाग लेने के लिए चुने गए खिलाड़ियों को अपडेट डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होने पर ईमेल आमंत्रण प्राप्त होंगे। यह खिलाड़ियों को एक साधारण वॉयस कमांड के साथ अपने कंसोल पर ऐप्स, गेम और सेटिंग्स खोलने की अनुमति देगा। पार्टी चैट में भी बदलाव किए जाएंगे। वॉयस चैट को अब 'पार्टीस' कहा जाता है और यूजर्स को एक पार्टी खोलने का विकल्प चुनना होगा ताकि अन्य खिलाड़ी बिना आमंत्रण के शामिल हो सकें। पीएस4 और पीएस5 दोनों पर अब दो तरह की पार्टियां उपलब्ध हैं जिन्हें ओपन पार्टी और क्लोज्ड पार्टी कहा जाता है। ओपन पार्टी फीचर में कोई भी व्यक्ति जो प्लेस्टेशन पर दोस्त है, शामिल हो सकता है। बंद पार्टियों में, केवल चयनित खिलाड़ी ही आमंत्रण के साथ शामिल हो सकते हैं। पीएस5 को बीटा अपडेट के साथ कुछ यूआई-आधारित अपडेट भी मिलते हैं, जो अब यूजर्स को गेम संग्रह को शैली के अनुसार फिल्टर करने और बहुत कुछ करने की अनुमति देता है।

> सोनी ने पुष्टि की है कि वह प्लेस्टेशन 5 के लिए एक नए 'हे प्लेस्टेशन' वॉयस कंट्रोल फीचर का परीक्षण शुरू करेगा। वॉयस कमांड प्रीव्यू केवल यूके और यूएस में उपलब्ध होगा

'गंगूबाई काठियावाड़ी' का गाना रिलीज

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने आलिया भट्ट अभिनीत अपनी आगामी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का नया गाना ढोलीड़ा रिलीज किया है। फिल्म के गरबा नंबर ढोलीड़ा में गंगूबाई को ढोल की धुन पर नाचते हुए देखा जा सकता है। कुमार द्वारा लिखे गए गीतों के साथ भंसाली की संगीत रचना गरबा के वास्तविक सार को पकड़ती है। फुट टैपिंग नंबर जाह्नवी श्रीमानकर और शैल हाडा द्वारा गाया गया है, और कृति महेश द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। इस खूबसूरत ट्रैक के साथ, भंसाली ने वास्तव में पूरे भारत को फिर से अपनी ताल पर नाचने पर मजबूर कर दिया है। संजय लीला भंसाली और जयंतीलाल गड़ा द्वारा निर्मित यह फिल्म 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फेसबुक मैसेंजर ने यूएस में 'स्प्लिट पेमेंट्स' फीचर की शुरूआत की

■ सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)।

मेटा के स्वामित्व वाले फेसबुक मैसेंजर ने यूएस में आईओएस और एंड्रॉइड यूजर्स के लिए प्लेटफॉर्म पर स्प्लिट पेमेंट सहित नई सुविधाओं की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह वॉयस मैसेज रिकॉर्डिंग कंट्रोल के लिए एक मोड भी पेश कर रही है। कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, स्प्लिट पेमेंट अब यूएस में आईओएस और एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। कंपनी ने कहा, स्प्लिट पेमेंट्स का उपयोग करने के लिए, ग्रुप चैट में प्लस आइकन पर टैप करें और पेमेंट्स टैब चुनें, फिर गेट स्टार्ट बटन पर टैप करें। वहां से उपयोगकर्ता अपने बिल को समान रूप से विभाजित कर सकते हैं या प्रत्येक व्यक्ति की बकाया राशि को अनुकूलित कर सकते हैं। फिर, एक व्यक्तिगत संदेश दर्ज करें, अपने भुगतान विवरण की पुष्टि करें और अनुरोध भेजें। जो मित्र मैसेंजर में भुगतान के लिए नए हैं, वे पैसे भेजने और प्राप्त करने के लिए भुगतान विवरण आसानी से जोड़ सकते हैं। कंपनी ने कहा कि वह नए वॉयस मैसेज रिकॉर्डिंग कंट्रोल लॉन्च कर रही है ताकि यूजर्स भेजने से पहले वॉयस मैसेज को पाउस, प्रीव्यू, डिलीट या रिकॉर्ड करना जारी रख सकें। कंपनी ने कहा, हम वॉयस मैसेज की अवधि एक मिनट से बढ़ाकर 30 मिनट कर रहे हैं। वैनिश मोड के साथ, संदेश देखे जाने के बाद गायब हो जाते हैं। और अगर यूजर्स को सही शब्द नहीं मिलते हैं, तो वे गायब होने वाले मेम, जीआईएफ, स्टिकर या प्रतिक्रियाएं भी भेज सकते हैं। कंपनी ने कहा, वैनिश मोड चालू करने के लिए, अपने मोबाइल डिवाइस पर एक मौजूदा चैट थ्रेड खोलें और ऊपर की ओर स्वाइप करें। फिर से स्वाइप करें और आप अपनी नियमित चैट पर वापस आ जाएंगे।

पूजा बनर्जी ने गर्भावस्था के समय का किया खुलासा

मुंबई (आईएएनएस)। 'कुमकुम भाग्य' की अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने साझा किया कि कैसे उनके सह-कलाकार उनकी गर्भावस्था के अंतिम समय में उनकी जरूरतों के बारे में चिंतित रहते हैं। हर कोई उसका ख्याल भी रखता है, चाहे वह उसे सेट पर बैठने के लिए कुर्सी लाना हो, उनकी खाने की लालसा को पूरा करना हो या घर का बना खाना लाना हो, उनके सभी सह-कलाकार सुनिश्चित करते हैं कि वह आराम से रहें। वास्तव में, जब भी पूजा को विशेष खाद्य पदार्थों की लालसा होती है, तो यूनिट यह सुनिश्चित करती है कि वह उसे खा सके, चाहे वह सेट पर उपलब्ध हो या नहीं। किरण भार्गव (कुमकुम भाग्य में दलजीत कोहली उर्फ दीदा) भी समय-समय पर अपने पसंदीदा दक्षिण भारतीय व्यंजन लाती हैं, ताकि उन्हें सेट पर अच्छा, घर का बना खाना मिल सके। पूजा बनर्जी ने खुलासा किया कि जब से कुमकुम भाग्य परिवार को मेरी गर्भावस्था के बारे में पता चला है, वे मेरी जरूरतों का बहुत ध्यान रखते हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि मेरे पास हर समय बैठने के लिए एक कुर्सी हो, और मैं खाना खाती हूं और समय-समय पर पानी पियूं। वे मेरी सभी इच्छाओं को पूरा करने की भी कोशिश करते हैं, खासकर जब मेरे खाने की लालसा की बात आती है। जब से मेरी तीसरी तिमाही शुरू हुई है, मेरी खाने की इच्छा बढ़ती और बदलती रहती है। , कृष्ण, और बाकी सभी मुझसे लगातार पूछते रहते हैं कि क्या मुझे किसी चीज की जरूरत है। वे हमेशा मेरी सभी इच्छाओं को पूरा करने की कोशिश करती हैं, चाहे कुछ भी हो। हाल ही में किरण मैम (दीदा) ने मुझे मेरा पसंदीदा दक्षिण भारतीय व्यंजन भी दिया और मैं बहुत खुश थी। पैकअप के बाद, मैंने घर का बना स्वादिष्ट खाना खाया, और मैं उन्हें और साथ ही पूरी टीम को इसके लिए पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकती। उन्होंने मेरी देखभाल की है और यह सुनिश्चित किया है कि जब मैं सेट पर होती हूं तब भी मुझे ऐसा लगे की मैं घर पर हूं।

कोविड-19 से 2020 में उबरे एक तिहाई बुजुर्गों में नई जटिलताएं सामने आई



■ बोस्टन (भाषा)।

अनुसंधान पत्रिका बीएमजे में प्रकाशित एक अवलोकन अध्ययन में दावा किया गया है कि 2020 में कोविड-19 से उबरे लगभग एक तिहाई बुजुर्गों में कम से कम एक नई जटिलता की स्थिति विकसित हुई, जिसमें प्रारंभिक संक्रमण के बाद के महीनों में चिकित्सा की आवश्यकता होती है। अमेरिका में 'ऑप्टम लैब्स और हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ' के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि ऐसी स्थितियों में हृदय, गुर्दे, फेफड़े और यकृत समेत कई प्रमुख अंगों एवं प्रणालियों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य जटिलताएं शामिल हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने अमेरिका में स्वास्थ्य बीमा योजना रिकॉर्ड का उपयोग करके 2020 में 65 या उससे अधिक उम्र के ऐसे 133,366 व्यक्तियों की स्थिति का अध्ययन किया, जो एक अप्रैल, 2020 से पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। इन व्यक्तियों का 2020, 2019 के दौरान के तीन गैर-कोविड तुलना समूहों से मिलान किया गया और एक समूह में श्वसन संबंधी बीमारी का पता चला। अनुसंधानकर्ताओं ने फिर कोविड-19 से उबरने के 21 दिनों के बाद शुरू होने वाली किसी भी किस्म की नई जटिलता को दर्ज किया। उन्होंने उम्र, नस्ल, लिंग और क्या रोगियों को कोविड-19 के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, के आधार पर कई महीनों में बीमारी से उत्पन्न स्थितियों के लिए अतिरिक्त जोखिम की गणना की।

> ■ अनुसंधानकर्ताओं ने कारोना से उबरने के 21 दिनों के बाद शुरू होने वाली किसी भी किस्म की नई जटिलता को दर्ज किया
>
> ■ 2020 में कोविड-19 से ठीक होने वाले व्यक्तियों में से 32 प्रतिशत लोगों को एक या अधिक नई प्रकार की जटिलताओं के कारण इलाज कराना पड़ा

नतीजे बताते हैं कि 2020 में कोविड-19 से ठीक होने वाले व्यक्तियों में से 32 प्रतिशत लोगों को एक या अधिक नई प्रकार की जटिलताओं के कारण इलाज कराना पड़ा। उसी समूह से तुलना करने पर यह पता चला कि कोविड-19 के रोगियों में सांस लेने में परेशानी, थकान, उच्च रक्तचाप और मानसिक स्वास्थ्य सहित कई स्थितियों के विकसित होने का खतरा बढ़ गया था। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा, हमारे परिणाम स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और अन्य प्रमुख हितधारकों को भविष्य की स्वास्थ्य जटिलताओं को लेकर बड़े पैमाने पर अनुमान लगाने और स्वास्थ्य संसाधनों के उपयोग के लिए योजना में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

मैं भाग्य में विश्वास नहीं करता : रवि तेजा

हैदराबाद (आईएएनएस)। अभिनेता रवि तेजा की आगामी मास थ्रिलर 'खिलाड़ी' शुक्रवार को स्क्रीन पर हिट होने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिलीज से पहले फिल्म के निर्माताओं ने हैदराबाद में प्री-रिलीज कार्यक्रम की व्यवस्था की थी। अभिनेता रवि तेजा ने आश्वासन दिया कि फिल्म दर्शकों के सभी तिमाहियों का मनोरंजन करेगी। रवि तेजा ने कहा कि अंतिम प्रति संपादित होने के बाद मैंने 'खिलाड़ी' देखी। मैं अपनी फिल्में पहले से स्थापित धारणा के साथ कभी नहीं देखता, मनोरंजन पाने के लिए थिएटर में आने वाले आम आदमी की तरह उन्हें देखता हूं। अभिनेता ने कहा कि मुझे फिल्म पसंद आई और इसे देखने में बहुत मजा आया। इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ आपसे फिल्म देखने के लिए कह सकता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं भाग्य में नहीं बल्कि कड़ी मेहनत में विश्वास करता हूं। मैंने इस फिल्म के लिए कड़ी मेहनत की है। हम सभी ने फिल्म को मनोरंजक बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे प्रयास रंग लाएंगे।'खिलाड़ी' एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है जिसमें रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी और डिंपल हयाती मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रमेश वर्मा ने किया है और संवाद श्रीकांत विसा ने लिखे हैं।

कार्तिक-कियारा की जोड़ी मचायेगी धूम

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री कियारा आडवाणी की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाती नजर आ सकती है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी ने फिल्म भूल भुलैया 2 में साथ काम किया है। चर्चा है कि कार्तिक और कियारा आडवाणी जल्द ही समीर विदवान की फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। साजिद नाडियाडवाला निर्मित यह फिल्म मार्च में फ्लोर पर आ सकती है। पहले इस फिल्म की शूटिंग को दिसंबर में शुरू किया जाना था लेकिन महामारी की तीसरी लहर के चलते इसको टाल दिया गया था। साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म की घोषणा पिछले साल जून में हुई थी। तब फिल्म निर्माता ने इस फिल्म का नाम सत्य नारायण की कथा रखा था, जिसके बाद समाजिक संगठनों द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए, इसका विरोध किया था। इस सबके बाद मेकर्स ने फिल्म के नाम को वापस लेते हुए फिल्म के नाम को बदलने की बात कहीं थी। लेकिन अभी तक इस फिल्म के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी सत्य और कथा की मुख्य भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

कंगना ने शेयर किया 'लॉक अप' का फर्स्ट लुक

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एकता कपूर के नए रियलिटी शो 'लॉक अप' का फर्स्ट लुक साझा किया। शो की होस्ट कंगना हैं। उन्होंने लिखा, मेरे सामने अब सबको घुटने टेकने पड़ेंगे ! इस जेल में होगा अत्याचारी खेल। कल टीजर होगा आउट। हैशटैग लॉकअप स्ट्रीमिंग फ्री 27 फरवरी को ऑल्टबाला जी और एमएक्स प्लेयर पर। शो के पहले पोस्टर में कंगना को जेल में पोज देते हुए दिखाया गया है, जिसमें बैकग्राउंड में पुलिस वाले हैं। शो में 16 सेलेब्रिटीज होंगे। इन कंटेस्टेंट्स को जेल के अंदर बंद कर दिया जाएगा और रियलिटी शो में जमानत का कॉन्सेप्ट भी होगा।

शूटिंग में घायल हुए गुनीत शर्मा

मुंबई (आईएएनएस)। शो 'अलादीन : नाम तो सुन होगा' और 'हीरो : गयाब मोड ऑन' से मशहूर हुए अभिनेता गुनीत शर्मा को दर्शक पंजाबी शो 'तेरे दिल विच रेहन दे' के लिए पसंद कर रहे हैं। जिसमें वह अमरीक का किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में एक सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान गुनीत के पैर में चोट लग गई थी और डॉक्टर ने उन्हें कुछ दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी थी। उसी पर बात करते हुए, उन्होंने कहा, एक सीक्वेंस के लिए, मुझे 14 फीट की दीवार से कूदना पड़ा। निर्देशक ने मुझसे कहा कि वास्तव में कूदो मत और बस कूदने की तरह काम करो लेकिन मैंने कहा नहीं सर, मैं कूद जाऊंगा क्योंकि मैं एक वास्तविक अनुभव देना चाहता था और यह भी मुझे आसान लग रहा था। उन्होंने आगे जारी रखा, मैंने उनसे कैमरा चालू करने के लिए कहा और बाकी लोग देखेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। इसके बाद, मैंने पहली कोशिश की और असफल हो गया।

पर्याप्त रिपोर्टिंग से वंचित रहे समुदायों पर किए गए कार्यों के लिए दो पत्रकार सम्मानित

लॉस आल्टोस (भाषा)। अमेरिका में दो स्वतंत्र पत्रकारों को उन समुदायों पर रिपोर्टिंग करने के लिए साल 2022 के अमेरिकन मोजैक जर्नलिज्म पुरस्कार से नवाजा गया है, जिन्हें या तो गलत रूप में पेश किया गया है या फिर जिन्हें लेकर पर्याप्त रिपोर्टिंग नहीं हुई है। यह जानकारी बुधवार को दी गई।

कैलिफोर्निया के लॉस अल्टोस में स्थित हेइजिंग-सीमन्स फाउंडेशन ने जूलियन ब्रेव नॉइसकैट और रेयान क्रिस्टोफर जोन्स को एक-एक लाख अमेरिकी डॉलर और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। फाउंडेशन ने कहा कि नॉइसकैट कनाडा स्थित कैनिम लेक बैंड ऑफ फर्स्ट नेशन्स के सदस्य हैं और अमेरिकी प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में पत्रकारिता करते हैं। फाउंडेशन के मुताबिक, नॉइसकैट के लेखों और पॉडकास्ट में मूल निवासी पुरुषों के नजरिये से पितृत्व और बेघर अश्वेत माताओं द्वारा ओकलैंड में खाली कराए उनके घर को पुनः प्राप्त करने के लिए चलाए गए आंदोलन जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। नॉइसकैट के लेखों को न्यूयॉर्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट, द न्यू यॉर्कर और नेशनल ज्योग्राफिक सहित प्रमुख प्रकाशनों में जगह मिल चुकी है। वहीं, जोन्स एक मैक्सिकन-अमेरिकी फोटो जर्नलिस्ट और मानवविज्ञानी हैं। फाउंडेशन ने कहा कि उन्होंने कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और अन्य जगहों पर अप्रवासियों के जीवन, मध्य कैलिफोर्निया में कृषि समुदायों और मैक्सिकन-अमेरिकी क्षेत्र में पादक पदार्थ से उपजे संकट जैसे मुद्दों पर रिपोर्टिंग की है। उनके लेख न्यूयॉर्क टाइम्स, अटलांटिक, प्रोपब्लिका और गार्जियन अखबार सहित विभिन्न प्रकाशनों में छपे हैं।

रफ्तार, शक्ति मोहन 'द ग्रेट इंडियन मर्डर' के नए ट्रैक पर कर रहे हैं काम

मुंबई (आईएएनएस)। रैपर रफ्तार और डांसर शक्ति मोहन ने थ्रिलर वेब-सीरीज 'द ग्रेट इंडियन मर्डर' के प्रमोशनल ट्रैक 'रास्कला' में अभिनय किया है। रफ्तार ने कहा कि रास्कला एक ऐसा गीत है जो एक गहन श्रृंखला में जबरदस्त ऊर्जा लाने की कोशिश करता है। मैंने रास्कला पर दर्शन और उमंग के साथ काम किया और मैंने इसमें तमिल रैप किया है। एक मलयाली होने के नाते, मैं उत्साहित था क्योंकि मैं एक ही समय में हिंदी और फिर तमिल में कुछ करने में सक्षम था। मैंने इसके हिंदी रैप भागों के साथ-साथ तमिल रैप भाग भी लिखा था। मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति और रैपर रफ्तार की विशेषता वाले इस मजेदार, आकर्षक डांस नंबर को फिरोज खान ने कोरियोग्राफ किया है। दर्शन-उमंग द्वारा रचित इस गाने को उमंग दोशी, अनुषा मणि और रफ्तार ने गाया है। थ्रिलर उस्ताद तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित, द ग्रेट इंडियन मर्डर छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विक्की राय और छह अलौकिक संदिग्धों के एक समूह की निर्मम हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है।

लखीमपुर खीरी कांड आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत मंजूर होने पर किसानों में आक्रोश

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। लखीमपुर खीरी के किसानों और पत्रकार के हत्या के घटना के दोषी मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू भईया की जमानत हो गई, जबकि उसी घटना से संबंधित जेल मे बंद किसानों का अभी तक जमानत नहीं हुई है, भारतीय किसान यूनियन इसकी घोर निंदा करती है। भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई की पंचायत यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के पास बहुवार जमालपुर अवधेश सिंह के बगीचे मे बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों की समस्यायों पर चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के मुताबिक 28 फरवरी तक धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जो प्रति कांटे पर 300 क्विंटल व दो कांटे पर 600 कुंतल खरीद का लक्ष्य रखा गया है। जनवरी माह तक मानक के अनुरूप धान की खरीद हो रही थी, जबकि फरवरी माह से प्रति काटे 200 कुंतल कर दिया गया, 60 कुंटल एक बार में किसान की खरीद सुनिश्चित था, और

दोबारा भी 60 कुंतल खरीद होना था, जो फरवरी से घटाकर 40 कुंतल से 50 कुंतल कर दिया गया। किसान रजिस्ट्रेशन करा लिया है, वह दर-दर भटक रहा है।

सिंचाई की समस्या पर हुई चर्चा सिंचाई चुनार खंड के गरई प्रणाली में बहुआर मेन रेगुलेटर, रघुनाथपुर माइनर व भड़ेवल माइनर का चद्दर (पटरा)पूर्ण रूप से गल गया है, जिससे काफी पानी बेकार चला जाता है उसको तत्काल मरम्मत कराया जाए। बिकसी माइनर में कर्जी गांव के पास चिलबिला नाला के ऊपर बना चरनी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे पूरा पानी नाला में चला जाता है, जिससे किसानों की सिंचाई नहीं हो पाती है उसका निर्माण कराया जाय।रघुनाथपुर माइनर में बिकसी टेल से कंचनपुर मार्ग तक नहर की सफाई कराई जाए।

गेहूं के फसल की सिंचाई के लिए अहरौरा डैम से गड़ई प्रणाली में पानी छोड़ा जाए यह प्रस्ताव आज की पंचायत में पास हुआ।ब्लॉक जमालपुर अंतर्गत पीसीएफ गोदाम ओईनवा जो कंचनपुर जीवनाथपुर मार्ग से सटा हुआ है, ग्राउंड में पानी व गड्ढे से भरे हैं, पूरा कचरा हो गया है। जिससे दुर्गंध आ रही हैं, ग्राउंड में मिट्टी डलवाया जाए। लखीमपुर खीरी के किसानों और पत्रकार के हत्या के घटना के दोषी मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू भईया की जमानत हो गई, जबकि उसी घटना से संबंधित जेल मे बंद किसानों का अभी तक जमानत नहीं हुई है, भारतीय किसान यूनियन इसकी घोर निंदा करती है।

बरेली में अमित शाह ने आजम खां पर साधा निशाना, बोले- बड़े नाम वाले अब जेल में

बरेली। बरेली चुनाव प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले शुक्रवार को गृहमत्री अमित शाह भाजपा प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य के समर्थन में रैली करने भोजीपुरा पहुंचे। भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के श्री सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट में उन्होंने विपक्ष पर जमकर सियासी तीर चलाए। साथ ही सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। गृह मंत्री अमित शाह ने भारत माता की जय के साथ संबोधन शुरू किया। कहा कि पहले चरण में मतदान के बाद सपा का सूपड़ा साफ हो रहा है। 300 सीटों के पार जाकर भाजपा की सरकार बनने वाली है। पहले माफिया देखकर पुलिस भागती थी। आज पुलिस का सायरन सुनते ही गुंडे भागते हैं। आजम खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका बड़ा नाम था, अब जेल में हैं। ऐसे माफिया जेल में ही रहें या नहीं? सपा की सरकार आई तो जेल से बाहर आ जाएंगे ये सब। मोदी सरकार ने हर गरीब का साथ दिया है। गैस सिलिंडर, बिजली मकान दिए। खुद को समाजवादी कहने वाले बताएं कि अब तक गरीबों के लिए क्यों नहीं सोचा। गृह मंत्री ने

कहा कि मोदी जी ने सबको फ्री टीका लगवाया।हर व्यक्ति को फ्री अनाज, दलहन दिया। हमने अब से सभी किसानों को फ्री बिजली देने का वादा किया है। हम प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करेंगे। माफिया को यूपी मे घुसने नहीं देंगे। हम धारा 70 हटाना चाहते थे तो सपा, बसपा विरोध करती थी। अखिलेश कहते थे कि खून की नदियां बहेंगी। जब हटाया तो किसी की कंकड़ फेंकने की हिम्मत भी नही हुई। कांग्रेस को सरकार में पाकिस्तान हमारे सैनिकों के सिर काट ले जाती थी। हमारे समय में पुलवामा हुआ तो घर मे घुसकर मारा। भाजपा सरकार ने सेना का मनोबल बढ़ाने का काम किया है।

महिला से दुष्कर्मः सरसों के खेत में ले जाकर वारदात को दिया अंजाम, आरोपी युवक फरार

मैनपुरी। बेवर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर शाम परिजनों का इंतजार कर रही महिला को तीन युवक जबरन सरसों के खेत में खींच ले गए। यहां एक युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित महिला ने परिजन के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को एक महिला पास के ही एक गांव में गई थी। देर शाम वह टेंपो से बेवर कस्बा स्थित अपने घर आ रही थी। महिला के अनुसार रात करीब आठ बजे टेंपो वाले ने उसे बझेरा से भट्टे से पहले उतार दिया। महिला ने फोन से अपने भतीजे को उसे वहां से लेने के लिए बुलाया।

आरोप है कि जब तक भतीजा वहां पहुंचता, उससे पहले तीन-चार युवक आए और महिला को सरसों के खेत में खींच ले गए। यहां एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद युवक महिला को खेत में छोड़कर भाग गए। इस बीच महिला का भतीजा वहां पहुंच गया। महिला ने भतीजे के साथ थाने पहुंचकर वारदात की जानकारी पुलिस को दी।

शिकायत के बाद थाना पुलिस ने महिला से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ ही देर रात महिला को घटनास्थल पर लेकर जांच की। पुलिस महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर रही थी। थानाध्यक्ष बेवर सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वाराणसी में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, कहा - 'पांच वर्षों में खत्म किया गुंडाराज माफियाराज'

वाराणसी। पीएम नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने प्रचार के दौरान विपक्षियों पर जमकर वार किया। कहा कि जनता ने ऐसी पार्टियों को पहले भी कई बार नकारा है और आगे भी नकारेगी। उन्नाव मामले पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि सपा नेता के खेत में लाश मिली है, किसी को यूपी पुलिस नहीं बख्शेगी। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के यूपी चुनाव सह प्रभारी अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को सपा- रालोद गठबंधन पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। इन लोगों को जनता फिर सबक सिखाएगी। सिगरा इलाके में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रालोद नेता जयंत चौधरी के मतदान न करने पर जमकर हमला बोला, उन्होने कहा कि ऐसे लोगों को बैठे- बिठाये राजनीति करने की आदत लग चुकी है, इसलिए इन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों की

कदर नहीं है। अनुराग ने कहा कि इसी से समझा जा सकता है कि लोकतंत्र के प्रति इनकी सोच कैसी है, यही वजह है कि पहले के चुनावों में भी जनता ने ऐसी पार्टियों को नकारा है और इस आगे भी नकारेगी, सभी को पता है कि एक-एक वोट देश को मजबूत करने के लिए बहुमूल्य है इसलिए वोट कहीं भी करें पर वोट अवश्य करें।

उन्नाव मामले पर एक्शन जल्द : उन्नाव में सपा नेता के खेल में दलित युवती की लाश मिलने के मामले पर कहा कि इसके पीछे जो भी होगा उसे सरकार बख्शेगी नहीं, तुरंत इन लोगों के खिलाफ एक्शन लिया जायेगा। योगी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में सुनिश्चित किया है कि प्रदेश में महिलाओं, बेटियों, बहुओं सभी को सुरक्षा मिले साथ ही व्यापारियों को लूट छिनैती की समस्या से मुक्ति मिले, यही कारण है कि पिछले पांच वर्षों में गुंडाराज माफियाराज मुक्त करने में हमारी सरकार ने सफल प्रयास किया है और मजबूती के साथ इसे आगे बढाएगी।

उन्नाव में दलित युवती की हत्याकर दफनाया, 2 महीने से थी लापता

उन्नाव। उन्नाव में 2 माह से लापता दलित युवती की पूर्व राज्यमंत्री के बेटे ने हत्या कर दी थी और शव दोस्तीनगर स्थित दिव्यानंद आश्रम के पीछे सेप्टिक टैंक में कंबल से लपेटकर दफना दिया था। दोपहर मामले का खुलासा होने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने जेल में बंद आरोपित की निशानदेही पर खुदाई करकर शव बरामद किया। उन्नाव में सपा सरकार में पूर्व राज्यमंत्री रहे स्व. फतेहबहादुर सिंह के बेटे रजोल सिंह पर दो माह पहले कांशीराम कॉलोनी की महिला रीता ने बेटी पूजा को गायब करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर रीता ने 24 जनवरी को लखनऊ में अखिलेश यादव के काफिले के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की थी। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस ने आनन-फानन रजोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 04 फरवरी को पुलिस ने रजोल को पीसीआर रिमांड पर लेकर 8 घंटे पूछताछ की तो उसके साथी हरदोई थाना मुबारकपुर के नवा गांव निवासी साथी सूरज के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के आश्रम के पीछे प्लॉट स्थित सेप्टिक टैंक के गड्ढे की खुदाई कराई तो गड्ढे से युवती का शव बरामद हुआ। एसपी दिनेश त्रिवेदी ने बताया कि घटना वाले दिन रजोल ने युवती को झांसा देकर आश्रम के पास बुलाया था। वहां साथियों के साथ मिलकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और कंबल में लपेटकर शव टैंक में औंधे मुंह डालकर दफना दिया। एसपी ने बताया कि मामले में हत्या समेत कई धाराएं बढ़ाई जाएंगी। मामले में अन्य जो भी शामिल होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुसलमानों को राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वोट के रूप में इस्तेमाल करती हैं : ओवैसी

सहारनपुर। एआइएमआइएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस तथा लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वोट देने वाले नहीं वोट हासिल करने वाले बनो आखिर कब तक बीजेपी का भय दिखाकर सपा बसपा कांग्रेस मुस्लिम वोटों पर अधिकार जमाते रहेंगे। मुसलमानों को केवल राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वोट के रूप में इस्तेमाल करती हैं और जब मुस्लिम समाज को हक देने का मामला आता है तो मीठी गोलियां खिला देती हैं। ओवैसी ने समाजवादी पार्टी बसपा आदि को निशाने पर रखते हुए कहा कि मुस्लिमों, केवल समाजवादी पार्टी को वोट देने से ही उनका भला नहीं होगा, उन्हें अपना हक हकूक भी मांगना चाहिए। 19% होने के बावजूद मुसलमान आज भी राजनीतिक पार्टियों के दरवाजे पर टिकट के लिए गिड़गिड़ाता है जबकि दो पर्सेंट तीन परसेंट भागीदारी वाली पार्टियां राजनीतिक रूप से मजबूत हैं। यदि सरकार बनी तो ढाई साल के लिए बाबू सिंह कुशवाहा मुख्यमंत्री होंगे तथा ढाई साल के लिए दलित समाज का नेता मुख्यमंत्री बनेगा।

यूपी विधानसभा चुनाव के पहले चरण में करीब 60 प्रतिशत वोट पड़े

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों पर 60.17 प्रतिशत मतदान हुआ। कोविड प्रोटोकॉल के कारण एक घंटे के विस्तार के बाद शाम 6 बजे मतदान बंद हुआ। कुछ स्थानों पर ईवीएम में मामूली तकनीकी खराबी के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने ट्वीट कर कहा, उप्र विधानसभा का प्रथम चरण शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। लोकतंत्र के महोत्सव में अपने अमूल्य मत का प्रयोग कर सहभागिता करने वाले सभी सम्मानित मतदाताओं का धन्यवाद।

सीएम ने लिखा आपका मतदान नए उत्तर प्रदेश की नींव को मजबूती प्रदान करेगा। भारत माता की जय। अपर मुख्य चुनाव अधिकारी (एसीईओ) बीडी राम तिवारी ने बताया, कुछ जगहों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी की खबरें आई हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद उन ईवीएम को बदला जा रहा था। समाजवादी पार्टी के इस आरोप पर कि कैराना विधानसभा क्षेत्र के दुंदुखेड़ा गांव मेंमतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने दिया गया, तिवारी ने कहा कि संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को मामले को देखने के लिए कहा गया था। निर्वाचन आयोग कार्यालय के मुताबिक मतदान कार्य कोविड प्रोटोकॉल के तहत सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम छह बजे तक चला। आयोग के मुताबिक आगरा में 60.33 फीसदी, अलीगढ़ में 60.49 फीसदी, बागपत में 61.35 फीसदी, बुलंदशहर में 60.52 फीसदी, गौतम बौद्ध नगर में 56.73 फीसदी, गाजियाबाद में 54.77 फीसदी, हापुड़ में 60.50 फीसदी, मथुरा में 63.28 फीसदी, मेरठ में 60.91 फीसदी, मुजफ्फरनगर में 65.34 प्रतिशत और शामली 69.42 प्रतिशत में मतदान हुआ। गाजियाबाद से मिली एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा नेता वीके सिंह और कांग्रेस नेता राजन कांत के समर्थकों के बीच एक मामूली झड़प हुई। बाद में सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप कर मामले को सुलझा लिया। बुलंदशहर में सदर विधानसभा क्षेत्र के चार खंबा मतदान केंद्र पर एक दूल्हा अपनी बारात में शामिल होने से पहले वोट डालने पहुंचा। दूल्हा बलराम घुड़चड़ी की रस्म पूरी करने के बाद मोटरसाइकिल पर वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचा। मथुरा से मिली खबर के अनुसार, सुबह घने कोहरे के कारण मतदान धीमा रहा, लेकिन बाद में दिन में इसमें सुधार हुआ। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी चुनाव प्रचार के कारण समय पर मतदान करने के लिए मतदान केंद्र नहीं पहुंच सके, लेकिन उनकी पत्नी चारु चौधरी ने मथुरा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पहले युवक का गुप्तांग काटा फिर आंखें फोड़ कर डाली हत्या

बांदा। अभी कानपुर में बच्चे की हत्या का मामला सुलझा भी नहीं था कि बांदा में भी अज्ञात हत्यारों ने एक युवक की वीभत्स तरीके से हत्या कर दी। हत्यारों ने पहले शख्स का गुप्तांग काटा फिर, उसकी दोनों आंखें फोड़ डालीं। इसके बाद युवक की हत्या कर दी गई। मृतक के पेट पर भी गहरे चोट के निशान मिले हैं। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। शव एक्सप्रेसवे के किनारे मिला है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं हो सका कि घटना को कहीं और अंजाम देकर शव को यहां फेंक दिया गया या फिर हत्या को यहीं पर अंजाम दिया गया। पुलिस फिलहाल मामले की छानबीन में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, क्षत-विक्षत शव बिसंडा थाना क्षेत्र के पुनाहुर गांव से बरामद किया गया है। बिसंडा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गड़ाव के प्रधान प्रतिनिधि ने सिक्स लेन हाईवे पर पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव होने की सूचना दी थी।

फेसबुक लाइव पर पति-पत्नी ने खाया जहर आर्थिक तंगी के लिए पीएम को बताया जिम्मेदार

बागपत। बागपत जिले के बड़ौत में आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक जूता व्यापारी और उसकी पत्नी ने अपनी हालत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार बताते हुए फेसबुक लाइव पर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना में महिला की मौत हो गई जबकि व्यापारी की हालत गंभीर हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि बड़ौत के सुभाष नगर निवासी जूता व्यापारी राजीव तोमर (40) ने फेसबुक लाइव पर अपनी पत्नी पूनम (35) के सामने जहर खा लिया। उन्होंने बताया कि पूनम से उसे रोकने का प्रयास किया था, लेकिन असफल रहने पर उसने भी जहर खा लिया। जादौन ने बताया कि पति-पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पूनम की मौत हो गई जबकि राजीव की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस तथा-कथित वीडियो में जूता व्यापारी राजीव ने मौत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है कि वह छोटे व्यापारियों और किसानों के हितैषी नहीं हैं। वीडियो के अनुसार, राजीव ने कहा, ह्यह्यमेरी मौत के लिए मोदी जी जिम्मेदार होंगे। अगर मोदी जी में जरा भी शर्म है तो वह चीजों को बदलेंगे। मैं नहीं कहता कि उनकी हर बात गलत है, लेकिन वह छोटे व्यापारियों और किसानों के हितैषी नहीं हैं। जब पूनम ने रोकना चाहा तो राजीव ने कहा, गवर्नमेंट तो सुनती नहीं, तुम ही सुन लो। परिजनों के अनुसार, राजीव की बावली रोड पर जूते की दुकान थी। मार्च 2020 में लगे लॉकडाउन में उसका व्यापार चौपट हो गया था। लंबे समय तक चले लॉकडाउन के कारण दुकान के अंदर रखे करीब छह लाख के जूते खराब हो गए थे। उसने कर्ज भी लिया था, जिस कारण वह काफी परेशान था। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट किया है, बागपत में एक व्यापारी और उसकी पत्नी की आत्महत्या के प्रयास, उसमें महिला की मृत्यु के बारे में जान कर बेहद दुःख हुआ।

पीठासीन अधिकारी की पिटाई मामले में विधायक संगीत सोम के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मेरठ। मेरठ में गुरुवार को चुनाव के दौरान सरधना के सलावा गांव में बूथ पर धीमा मतदान कराने के आरोप में विधायक के समर्थकों ने हंगामा कर दिया था। सूचना पर विधायक संगीत सोम भी पहुंच गए थे। आरोप था कि विधायक ने बूथ पर मौजूद पीठासीन अधिकारी की पिटाई कर दी थी। देर रात विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उधर, सलावा में ही वोट डालने जा रहे व्यक्ति की पिटाई के मामले में भी विधायक समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पहले चरण के चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था। सरधना विधानसभा क्षेत्र के गांव सलावा के प्राथमिक विद्यालय नंबर दो में भी वोट डाले जा रहे थे। बीजेपी प्रत्याशी विधायक संगीत सोम के समर्थकों ने धीमा मतदान कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था। सूचना पर विधायक भी पहुंच गए थे। आरोप है कि विधायक और उनके समर्थकों ने पीठासीन अधिकारी अश्विनी कुमार की पिटाई कर दी थी।

दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

प्रखर जौनपुर । विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु विधानसभा 368-मुंगराबादशाहपुर से भारत राष्ट डेमोक्रेटिक पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। इसीप्रकार विधानसभा 370-मड़ियाहूँ से जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी सुशील कुमार पटेल ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया।

आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के दूसरे कार्य दिवस में नामांकन पत्र राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा क्रय किए गये।

364-विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से कुल 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी इंद्रजीत ने 01 सेट में, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राहुल शर्मा के द्वारा एक सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ओम प्रकाश दुबे के द्वारा चार सेट में, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम प्रकाश के द्वारा एक सेट में, हम सब की पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह के द्वारा एक सेट में, निर्दल प्रत्याशी राजेश कुमार द्वारा पर्चा खरीदा गए।

365-शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 06 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, निर्दलीय से श्रीमती प्रियंका, आम आदमी पार्टी से विनोद कुमार, भारतीय बहुजन समाज पार्टी से इंद्रदेव, विकासशील इंसान पार्टी से रामअनुज, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी से रमेश, आम आदमी पार्टी से सुरेश राजभर ने पर्चा लिया।

366-सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 10 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिसमे निर्दलीय से वीर विक्रम सिंह, सुषमा सिंह, भारतीय सबका दल पार्टी से ईश्वर दयाल, समाजवादी पार्टी से तेज बहादुर मौर्य, आम आदमी पार्टी से डॉ विनोद कुमार सिंह, समाजवादी

पार्टी से मोहम्मद अरशद खान, बहुजन समाज पार्टी से सलीम खान, विकासशील इंन्सान पार्टी से अन्जू, जनसत्तादल लोक तंत्रिक से दिनेश कुमार सिंह, जनसत्तादल (लोक) से अंजली ने एक-एक सेट में पर्चा लिया।

367-मल्हनी से कुल 13 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिसमे निर्दलीय से अजय कुमार सिंह, पुष्पा यादव, अमर बहादुर यादव, भारतीय जनता पार्टी से के पी सिंह, लोक पार्टी से अवनीश तिवारी, समाजवादी पार्टी से लकी यादव, भारत राष्ट्र डेमोक्रेसी पार्टी से जितेंद्र कुमार, भारत स्वाभिमान पार्टी से राहुल सिंह, शिवसेना से आशीष कुमार, बहुजन समाज पार्टी से संतोष कुमार, राष्ट्रीय समाज से प्रवीण कुमार मिश्र, जनता दल यूनाइटेड से धनंजय सिंह, पचासी परिवर्तन समाज पार्टी से भारत राम यादव द्वारा एक सेट में पर्चा लिया गया।

368-मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिसमे निर्दल प्रत्याशी ज्योति प्रकाश पाल ने एक सेट में, शिवसेना के प्रत्याशी माधवेंद्र प्रताप सिंह ने 02 सेट में, भारतीय धर्मनिरपेक्ष पार्टी के प्रत्याशी वेंकटेश बहादुर पटेल ने दो सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विशाल यादव ने एक सेट में, इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने दो सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से लाल जी ने एक सेट में, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के नीलम कुमारी अंबेडकर ने एक सेट में, राष्ट्रीय संघर्ष पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश शुक्ला ने 01 सेट में, मूलनिवासी समाज पार्टी के अजय कुमार ने एक सेट में, मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश बिन्द, जनता दल यूनाइटेड राकेश पटेल ने 01 सेट में पर्चा क्रय किया।

369-मछलीशहर से कुल 11 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किए गए, जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी सरोज, रागनी सोनकर, बच्चू लाल सोनकर, अरविंद कुमार कनौजिया ने एक-एक सेट में, आम आदमी पार्टी से प्रेमचन्द्र, बहुजन समाज पार्टी से विजय कुमार, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती माला सोनकर द्वारा दो-दो सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से अतुल कुमार निगम द्वारा एक सेट में पर्चा लिया गया।

370-मड़ियाहूं से कुल 12 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किए गए, जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी देवांगन, विजय कुमार, लोक पार्टी से सतीश कुमार शुक्ला, आम आदमी पार्टी से अच्छे लाल यादव, अपना दल एस से संजय एम सिंह, अपना दल एस से संयोगिता सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से मीरा देवी, जनाधिकार पार्टी से देवेंद्र कुमार मौर्य, अपना दल एस से अमरावती पटेल, बहुजन समाज पार्टी से राजेश, अपना दल एस से सुनीता वर्मा, अपना दल एस से करन सिंह ने एक-एक सेट में पर्चा लिया।

371-जफराबाद से कुल 08 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किए गए, जिसमें निर्दलीय से लक्ष्मी, संतोष, अनीता, सुशील चंद्र दुबे, योगेश कुमार, पवन त्रिपाठी ने एक सेट में, आम आदमी पार्टी से विजय कुमार पाठक, समाजवादी पार्टी से बाघ सिंह ने एक-एक सेट में पर्चा लिए।

372-केराकत से कुल 04 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिसमे भारती विकासशील इंसान पार्टी से पप्पू कुमार, बहुजन समाज पार्टी से लाल बहादुर, निर्दल से राजेन्द्र एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजेश ने एक-एक सेट में पर्चा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए नामाकंन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश होगा तथा कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध तथा वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।

विंडीज को क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

सीरीज का आखिरी मुकाबला आज, भारत के पास 2-0 की अजय बढ़त

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे वनडे मैच में जीत दर्ज कर वेस्ट इंडीज को 3-0 से क्लीन स्वीप करने के मकसद से उतरेगी। भारत के पास फिलहाल सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है।भारत के लिए मध्य क्रम बल्लेबाजी से योगदान मिलना अच्छी बात है। पहले वनडे से चूके उप कप्तान लोकेश राहुल ने दूसरे मैच में मध्य क्रम में सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच 91 रन की साझेदारी हुई, जिसने भारत को 237 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में मदद की। वहीं दीपक हुड्डा और वॉशिंगटन सुंदर भी बल्ले से अच्छे नजर आ रहे हैं। गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाजी में युवा प्रसिद्ध कृष्णा ने मोर्चा संभाला हुआ है जो दो मैचों में 2.15 की इकॉनोमी से छह विकेट ले चुके हैं। वहीं लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। विराट कोहली और ऋषभ पंत के फॉर्म पर हालांकि सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। 2-0 की अजेय बढ़त होने के चलते तीसरे और आखिरी वनडे में भारतीय टीम में शिखर धवन, रवि बिश्नोई, आवेश खान, कुलदीप यादव, दीपक चाहर या शाहरुख खान को मौका दिया जा सकता है। ओपनिंग में शिखर के उतरने का पूरा मौका है और कप्तान रोहित इस बात का संकेत दे चुके हैं। उधर वेस्ट इंडीज के लिए अभी भी स्थिर बल्लेबाजी उसकी सबसे बड़ी कमजोर बनी हुई है। कुछ बल्लेबाजों को शुरुआत तो मिल रही है, लेकिन वह बड़ी साझेदारियां नहीं बना रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि उसके गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

वेस्टइंडीज को कप्तान बदलने का नहीं मिला फायदा

दूसरे मैच में कप्तान बदलने के बावजूद टीम को 44 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। कीरोन पोलार्ड की जगह कप्तानी संभालने वाले निकोलस पूरन ने भी बल्ले के साथ निराश किया। इसके अलावा सीरीज में अब तक अहमदाबाद की पिच धीमी लगी है, जिससे दोनों टीमों को रन बनाने में हुई दिक्कत साफ दिखी। भारत ने बेशक दूसरा मैच 44 रन से जीत लिया हो, लेकिन उसे 237 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज ने 2019-20 में भी भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी, जिसे भारत ने 2-1 से जीता था।

रोहित शर्मा ने तोड़ा विराट-कपिल का रिकॉर्ड

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया को जीत दिलाकर बतौर कप्तान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रोहित सबसे कम मैच में 10 जीत हासिल करने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। रोहित ने अब तक 12 वनडे मैच में भारतीय टीम की कप्तानी की है, जिसमें दसवीं जीत मिली है। उनकी कप्तानी में जीत का प्रतिशत 83.33 रहा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था, जिनकी कप्तानी में भारत को 13 वनडे में दसवीं जीत मिली थी। विराट के बाद कपिल देव (15), मोहम्मद अजरुद्दीन (17), सौरव गांगुली (19), राहुल द्रविड़ (20), एमएस धोनी (22), सचिन तेंदुलकर (29) और सुनील गावस्कर (33) इस लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि इस मुकाबले में रोहित बल्ले से कमाल नहीं कर सके और 8 गेंद में सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। पहले वनडे में उन्होंने 51 गेंदों में 60 रनों की शानदार पारी खेली थी।

मेरा सपना साकार हो गया: प्रसिद्ध कृष्णा

अहमदाबाद। भारत की वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में अपनी घातक गेंदबाजी से प्लेयर ऑफ द मैच बने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि वह लंबे समय से ऐसे प्रदर्शन की कामना कर रहे थे और उनका यह सपना साकार हो गया जिससे टीम को जीत मिली। कृष्णा ने कहा, वेस्टइंडीज ने अच्छी गेंदबाजी की और जब मैं बल्लेबाजी करने गया तब भी गेंद हरकत कर रही थी। मैंने उसी मदद का इस्तेमाल किया और अगर सुबह कोई मुझे कहता कि मुझे चार विकेट मिलेंगे तो मैं शायद उनकी बात नहीं मानता। 238 का लक्ष्य छोटा था और मैंने केवल अपनी गेंद से कमाल करने की कोशिश की। मैं निरंतरता के साथ गेंदबाजी करना चाहता हूं। साथ ही मैं अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए बल्लेबाजों को परेशान करना चाहता हूं। अपनी अर्धशतकीय पारी से भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने वाले सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैच जीतकर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, रणनीति तो यह थी कि मैं अंत तक बल्लेबाजी करूं। लेकिन मैं अपने पसंदीदा शॉट पर मैं आउट हो गया पर अगले मैच में मैं बेहतर करने का प्रयास करुंगा। स्थिति ऐसी थी कि अगर मैं अंत तक बल्लेबाजी करता तो मेरा शतक पूरा हो जाता।

महिला विश्व कप के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा

लंदन । न्यूजीलैंड में चार मार्च से शुरू होने वाले आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए ऑफ स्पिनर चार्ली डीन और बल्लेबाज एम्मा लैम्ब को इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के निदेशक जोनाथन फिंच ने कहा, घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली एम्मा लैम्ब, पिछली गर्मियों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद टीम में शामिल हुई थी और एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को कई विकल्प प्रदान करेंगी। हालांकि वह डेब्यू पर बिना खाता खोले आउट हो गई थीं, एम्मा अब सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट और लॉरेन विनफील्ड हिल के लिए बैकअप होंगी। दूसरी ओर, चार्ली ने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के बाद वह दूसरी स्पिन विकल्प होंगी। टीम के पास तेज गेंदबाज लॉरेन बेल और ऑफ स्पिनर मैडी विलियर्स के रूप में दो ट्रैवलिंग रिजर्व भी हैं। इंग्लैंड की टीम से, जो महिला एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया गई थीं, लेग स्पिनर सारा ग्लेन और बल्लेबाज मैया बाउचर विश्व कप के लिए जगह बनाने में असमर्थ रही। हीथर नाइट की अगुवाई वाली टीम ने हाल ही में महिलाओं की एशेज गंवा दी।

टीम: हीथर नाइट कप्तान, टैमी ब्यूमोंट, कैथरीन ब्रंट, फ्रेया डेविस, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, केट क्रॉस, सोफी एक्लेस्टोन, टैश फरांट, एमी जोन्स विकेटकीपर, एम्मा लैम्ब, नेट साइवर, अन्या श्रुबसोल, लॉरेन विनफील्ड हिल और डैनी व्याट।

ट्रैवलिंग रिजर्व: लॉरेन बेल और मैडी विलियर्स।

मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ट को हराया

प्रीमियर लीग

लंदन। डिफेंडिंग चैंपियन मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग के शीर्ष पर लिवरपूल से 12 अंक आगे है। बृहस्पतिवार को हुए मैच में ब्रेंटफोर्ट को मैनचेस्टर ने 2-0 से हरा दिया, जिसमें वे अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। मैनचेस्टर के प्लेयर रियाद महरेज ने रहीम स्टर्लिंग द्वारा फाउल किए जाने के बाद उन्हें पेनल्टी स्पॉट से आगे कर दिया। केविन डी ब्रूने ने 69वें मिनट में एक गोल कर टीम को जीत की ओर ले गए। वहीं, अगले मैच में साउथेम्प्टन और टोटेनहम के बीच खेला गया, जहां साउथेम्प्टन ने टोटेनहम को 3-2 से हरा दिया। एस्टन विला और लीड्स युनाइटेड के बीच 3-3 से मैच बराबर रहा। हालांकि दोनों टीमें एक-दूसरे पर अपने आक्रामक वार से दबाव बनाती रही, लेकिन मैच बराबरी का रहा। अगला मुकाबला शुक्रवार को लिवरपूर और लिचेस्टर सिटी, वहीं दूसरा मुकाबला वॉल्वेस और आर्सेनल के बीच खेला जाएगा।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को रौंदा

जुगराज की हैट्रिक ने दिलाई 10-2 की जोरदार जीत

नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां दक्षिण अफ्रीका को 10-2 से रौंद कर एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे युवा भारतीय ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह ने गोलों की हैट्रिक लगा कर टीम को यह बड़ी जीत दिलाई। उन्होंने चौथे, छठे और 23वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए तीन गोल दागे। उनके अलावा युवा फॉरवर्ड गुरसाहिबजीत सिंह (24, 36) और दिलप्रीत सिंह (25, 58) ने दो-दो, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड मनदीप सिंह (27), युवा डिफेंडर अभिषेक लाकड़ा (12) और उप कप्तान हरमनप्रीत सिंह (2) ने एक-एक गोल किया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। हरमनप्रीत ने दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल का खाता खोला। चौथे मिनट में मिले एक और पेनल्टी कॉर्नर को जुगराज ने गोलपोस्ट में भेजा और महज चार मिनट में ही 2-0 की बढ़त ले ली।

दूसरे क्वार्टर में दागे चार गोल

जबरदस्त लय में दिख रहे जुगराज ने 23वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दूसरे क्वार्टर का खाता खोला। इसके बाद गुरसाहिबजीत, दिलप्रीत और मंदीन ने क्रमश: 24वें, 25वें और 27वें मिनट में शानदार फील्ड गोल दागे। परिणामस्वरूप 5-0 की बढ़त चंद मिनटों में 8-0 हो गई। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी इसी तरह हुई। गुरसाहिबजीत ने 36वें मिनट में फील्ड गोल दागा और बढ़त को 9-0 कर दिया। इस बीच गोल की तलाश में बेताब दिख रहे दक्षिण अफ्रीका ने रणनीति बदली और पलटवार करते हुए 44वें और 45वें मिनट में लगातार दो गोल दागे, जो क्रमश: डिफेंडर डेनियल बेल और फॉरवर्ड रिचर्ड पुत्ज के नाम रहे, लेकिन ये गोल केवल हार का अंतर कम करने के काम आए।

जोकोविच इंडियन वेल्स ओपन की प्रवेश सूची में शामिल

नडाल और बार्टी भी खेलेंगे

नई दिल्ली । पांच बार के इंडियन वेल्स चैंपियन नोवाक जोकोविच के साथ 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल और ऑस्ट्रेलियाई एशले बार्टी ओपन टूर्नामेंट प्रवेश सूची में शामिल हैं। यह इवेंट 7 से 20 मार्च तक यूएसए के कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, आयोजकों ने इस बात पर जोर दिया कि आयोजन के लिए टीकाकरण की आवश्यकता होगी, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया कि खिलाड़ियों के नियम और प्रोटोकॉल अमेरिकी सरकार के प्रतिबंधों के अनुसार एटीपी द्वारा तय किए जाएंगे। आयोजकों ने कहा, 2022 टूर्नामेंट से पहले स्थल की अनिवार्य टीकाकरण नीति अमेरिका देश में प्रवेश करने वाले खिलाड़ी, अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए टीकाकरण की स्थिति के संबंध में नियम और प्रोटोकॉल अमेरिकी सरकार के प्रतिबंधों के अनुसार एटीपी द्वारा तय किए जाएंगे। जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 में भाग लेने में विफल रहे, क्योंकि उन्हें पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा उनकी कोविड19 टीकाकरण स्थिति का खुलासा नहीं करने के लिए निर्वासित किया गया था। पुरुषों की ओर से तीन बार के चैंपियन नडाल मार्च 2019 के बाद पहली बार इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में प्रतिस्पर्धा करेंगे, क्योंकि वह चोट के कारण 2021 टूर्नामेंट में भाग लेने में असमर्थ थे। एटीपी टॉप10 खिलाड़ियों का एक पावर पैक टूर्नामेंट में शामिल होगा।

साथियान फ्रेंच लीग में करेंगे पदार्पण

नई दिल्ली। भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान 2022-23 सीजन में शीर्ष स्तरीय फ्रेंच प्रो ए लीग में पदार्पण करेंगे। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के इच्छुक 29 वर्षीय साथियान ने गुरुवार को लीग के क्लब जुरा मोरेज टेनिस डी टेबल के साथ अनुबंध किया। साथियान ने इस संबंध में एक ट्वीट में लिखा, यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने अगले सत्र 2022-23 के लिए फ्रेंच शीर्ष प्रो-ए लीग में जुरा मोरेज टेनिस डे टेबल क्लब के साथ करार किया है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीगों में से एक का हिस्सा बनने और फ्रांस में पदार्पण करने के लिए उत्सुक हूं।

महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में 16 टीमें लेंगी भाग

एक से 12 अप्रैल तक खेला जाएगा विश्व कप

लुसानै, स्विट्जरलैंड। दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एक से 12 अप्रैल तक खेले जाने वाले आगामी महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में 16 टीमें भाग लेंगी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ एफआईएच ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की।

एफआईएच की ओर से भारत को जर्मनी, मलेशिया और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है, जबकि पूल में कनाडा, नीदरलैंड, अमेरिका और जिम्बाब्वे शामिल हैं। इंग्लैंड, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन को पूल बी और पूल सी में अर्जेंटीना, कोरिया, रूस और उरुग्वे मौजूद है। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट मूल रूप से दिसंबर 2021 में खेला जाना था, लेकिन कोरोना के ओमिक्रॉन स्वरूप के प्रकोप के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। जापान, बेल्जियम और स्पेन ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन अब तीनों देशों ने पुनर्निर्धारित शेड्यूल में हिस्सा न लेने का फैसला किया है और अब उनकी जगह मलेशिया, यूक्रेन और वेल्स ने ले ली है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और चीन भी पिछले साल कोरोना संबंधित कारणों के चलते पीछे हट गए थे और उनकी जगह अर्जेंटीना, आयरलैंड और कोरिया को शामिल किया गया था।

क्रिकइंफो पुरस्कार विजेताओं में पंत एक मात्र भारतीय

नई दिल्ली। ऋषभ पंत की गाबा में खेली गई नाबाद 89 रन की पारी और काइल जेमीसन द्वारा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में लिए गए पांच विकेट को क्रिकइंफो पुरस्कार के 15वें संस्करण के लिए चुना गया है। पंत की गाबा में खेली गई पारी में उनका धैर्य और चरित्र दोनों दिखा था, जिसकी बदौलत भारत ने अंतिम दिन 329 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल किया था और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया था। उन्होंने काइल मेयर्स की बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई दोहरे शतक की पारी को पीछे छोड़ा। इसके अलावा इस अवॉर्ड के लिए जो रूट की गॉल में खेली गई 228 रन की पारी भी दावेदार थी। जेमीसन के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में किए गए प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का अवॉर्ड मिला। उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत के महत्वपूर्ण शिकार सहित पहली पारी में कुल पांच विकेट लिए थे और भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। इसके बाद भारत मैच में कभी भी वापसी नहीं कर सका। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने और टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के लिए केन विलियमसन को साल का सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुना गया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑली रॉबिंसन को साल का सर्वश्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी चुना गया।

विजेता खिलाड़ियों की सूची

विजेता टेस्ट बल्लेबाजी (पुरुष): ऋषभ पंत, नाबाद 89 बनाम ऑस्ट्रेलिया

टेस्ट गेंदबाजी (पुरुष): काइल जेमीसन, 5/31 बनाम भारत

वनडे बल्लेबाजी (पुरुष): फखर जमान, 193 बनाम साउथ अफ्रीका

वनडे गेंदबाजी (पुरुष): साकिब महमूद, 4/42 बनाम पाकिस्तान

टी20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजी (पुरुष): जॉस बटलर, नाबाद 101 बनाम श्रीलंका

टी20 अंतर्राष्ट्रीय गेंदबाजी (पुरुष): शाहीन शाह अफरीदी, 3/31 बनाम भारत

बल्लेबाजी महिला : बेथ मूनी, नाबाद 125 बनाम भारत

गेंदबाजी (महिला): केट क्रॉस, 5/34 बनाम भारत

एसोसिएट बल्लेबाजी: एरार्ड इरास्मस, नाबाद 53 बनाम आयरलैंड

एसोसिएट गेंदबाजी: रूबेन ट्रंपलमन 3/17 बनाम स्कॉटलैंड

सर्वश्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी: ऑली रॉबिंसन

सर्वश्रेष्ठ कप्तान: केन विलियमसन।

23 फरवरी से शुरू होगा डेविस कप का कैम्प

विपक्षी को हल्के में नहीं ले रहे कप्तान और कोच

नई दिल्ली। भारत की डेविस कप टीम यहां दिल्ली में 22 फरवरी को इकट्ठा होगी और उससे अगले दिन से उनका कैम्प लगाया जाएगा। इस कैम्प में कई युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है जिससे भविष्य की टीम तैयार करने में भी मदद मिल सके। यह जानकारी भारतीय डेविस कप टीम के कोच जीशान अली ने दी जो टीम के कप्तान रोहित राजपाल के साथ यहां डेविस कप फैन लाउंज का उद्घाटन करने आये थे। भारत का डेनमार्क से डेविस कप विश्व ग्रुप 1 प्ले ऑफ मुकाबला यहां जिमखाना क्लब में चार और पांच मार्च को खेला जाएगा। जीशान ने कहा कि अब कैम्प में अपने खेल में तेजी लाने का समय आ गया है। हमारी टीम में प्रजनेश के रूप में एक बिग हिटर हैं जिनके पास तेजतर्रार सर्विस भी है। डबल्स में रोहन बोपन्ना के साथ रामकुमार रामनाथन और दिविज शरण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं। बोपन्ना के साथ कौन डबल्स में चुनौती रखेगा, इस बारे में उन्होंने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। गौरतलब है कि रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन ने पिछले दिनों टाटा ओपन का डबल्स खिताब अपने नाम किया था। उससे पहले यह जोड़ी ऐसा ही कमाल एडिलेड में भी कर चुकी है।

इंटरनेशनल हुआ हिजाब विवाद, मलाला के बाद स्टार फ्रांसीसी फुटबॉलर पॉल पोग्बा ने शेयर किया पोस्ट

हिजाब विवाद, जो कर्नाटक के एक कॉलेज से शुरू हुआ था, अब बड़ा विवाद बन गया है। विवाद अब अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुका हैं। इस मुद्दे पर सबसे पहले मलाला ने सवाल उठाए थे अब इस मुद्दे को फ्रांसीसी फुटबॉल स्टार पॉल पोग्बा ने भी उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक रील शेयर की है। जिसमें कुछ हिजाब पहले लड़कियों को कुछ लोगों द्वारा घेरे हुए देखा जा सकता हैं। फ्रांसीसी फुटबॉल स्टार पॉल पोग्बा ने बुर्का-पहने लड़कियों और भगवा स्कार्फ वाले लड़कों के बीच आमना-सामना की एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए कर्नाटक हिजाब पंक्ति में छलांग लगा दी है। 28 वर्षीय फुटबॉलर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर मूल रूप से '_.islamismydeen._' नाम के अकाउंट से पोस्ट की गई क्लिप को साझा किया और इसे कैप्शन दिया हिंदुत्व की भीड़ भारत में कॉलेज में हिजाब पहनकर मुस्लिम लड़कियों को परेशान करना जारी रखती है। मानवाधिकार कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई के बाद पोग्बा कर्नाटक हिजाब विवाद पर बोलने वाली दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हस्ती हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने पहले कर्नाटक में हिजाब विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था, "लड़कियों को उनके हिजाब में स्कूल जाने से मना करना भयावह है" और "नेताओं को मुस्लिम महिलाओं के हाशिए पर जाने को रोकना चाहिए"। मलाला ने हिजाब विवाद पर एक समाचार रिपोर्ट साझा करते हुए यह टिप्पणी की, जहां कर्नाटक के विभिन्न सरकारी कॉलेजों में कई मुस्लिम छात्रों को हिजाब पहनकर कॉलेज परिसर में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस बीच, कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी के नेतृत्व वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित और न्यायमूर्ति जेएम खाजी शामिल हैं, ने गुरुवार को मुस्लिम छात्रों द्वारा हिजाब पहनने पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने सोमवार, 14 फरवरी को मामले की फिर से सुनवाई करने का फैसला किया और छात्रों से कहा कि जब तक मामला अदालत में लंबित है, तब तक वे कोई भी धार्मिक परिधान नहीं पहनें। मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी ने कहा कि कर्नाटक में कॉलेज फिर से खुल सकते हैं लेकिन छात्रों को धार्मिक कपड़े पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। कर्नाटक हिजाब विवाद पर अंतरराष्ट्रीय फोकस ने अब एक विस्तृत 'टूलकिट' बनाने की अटकलों को जन्म दिया है।

चार साल बाद कल होगी आईपीएल नीलामी

70 भारतीय और 220 विदेशी खिलाड़ी आईपीएल नीलामी में उतरेंगे

बेंगलुरु । इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल की बड़ी नीलामी चार साल बाद फिर से होने जा रही है। दो नई फ्रेंचाइजी सहित कुल 10 टीमें अपने खिलाड़ियों का चयन करने के लिए कमर कस चुकी हैं। इस नीलामी में कुल 590 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 370 भारतीय हैं।आईपीएल की पांचवीं बड़ी नीलामी 12 और 13 फ़रवरी को बेंगलुरु के आईटीसी होटल गार्डेनिया में दोपहर 12 बजे से शुरु होगी। यह 2018 के बाद से पहली बड़ी नीलामी होगी। नीलामी का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और हॉटस्टार पर होगा। आठ फ्रेंचाइजी और दो नई टीमों ने कुल 36 खिलाड़ियों को पहले ही चुन लिया है। इसके अलावा आईपीएल नीलामी सूची के सभी खिलाड़ी नीलामी के दौर से गुज़रेंगे। इस नीलामी में कुल 590 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 370 भारतीय और 220 विदेशी खिलाड़ी हैं। इस सूची को सभी दस फ्रेंचाइजी द्वारा भेजे गए 1214 खिलाड़ियों की सूची से बनाया गया है। खिलाड़ियों को उनकी क्षमता और विशेषज्ञता के आधार पर अलग-अलग समूहों में बांटा गया है। इसके अलावा 10 विशेष (मार्की) खिलाड़ियों का समूह है, जिससे नीलामी की शुरुआत होगी। मार्की खिलाड़ियों के बाद अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके बल्लेबाजों, ऑलराउंडर, विकेटकीपर, तेज गेंदबाज और स्पिन गेंदबाजों का नंबर आएगा। अंत में उन खिलाड़ियों की भी बोली लगाई जाएगी, जिन्होंने अब तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। मार्की खिलाड़ियों के सेट सहित ऐसे कुल 62 सेट हैं। कुल 229 अंतर्राष्ट्रीय और 354 अनकैप्ड खिलाड़ी इस नीलामी में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें सात खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। पहले दिन सिर्फ 160 खिलाड़ी ही नीलामी के लिए आगे होंगे।

न्यूनतम आधार मूल्य 20 लाख रुपए होगा

नीलामी में न्यूनतम आधार मूल्य 20 लाख और अधिकतम आधार मूल्य दो करोड़ रुपए रखा गया है। 10 मार्की खिलाड़ियों का आधार मूल्य दो करोड़ रुपए है। कुल 48 17 भारतीय और 31 विदेशी खिलाड़ियों का आधार मूल्य दो करोड़ रुपए है। इसके बाद आधार मूल्य 1.5 करोड़, एक करोड़, 75 लाख, 50 लाख, 40 लाख, 30 लाख और 20 लाख रखा गया है। नीलामी में सबसे युवा खिलाड़ी 17 साल के नूर अहमद हैं।

महिलाओं ने स्कूटी रैली के माध्यम से मतदान करने हेतु किया प्रेरित

प्रखर जौनपुर । स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में स्थान इंग्लिश क्लब जफराबाद रोड से महिला स्कूटी रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया गया। रैली निकलने से पूर्व पिंक रोड का फीता काट कर शुभारंभ आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा0 अंकिता राज व जनपद न्यायाधीश की पत्नी नीतू सिंह ने किया। रैली में उत्सव जैसा माहौल था।

अतिथियों ने केक काट कर हवा में बैलून उड़ाया तथा मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश मदनपाल सिंह व जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में महिलाएं पिंक ड्रेस पहने, स्कूटी पर मतदाता जागरूकता स्टीकर व पिंक बैलून लगाये, 7 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूकता नारे लगाते चल रही थी। रैली अम्बेडकर तिराहा, कचहरी रोड, ओलंदगंज, सदभावना पुल, चहारसू होते हुए शाही किला तक गई। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश मदनपाल सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं की

भागीदारी जरुरी है, इसलिए सभी वोटर मतदान अवश्य करें। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि जनपद मतदाता सूची में जेंडर रेशियों में काफी बढ़ोत्तरी हुई, अब सभी मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि 7 मार्च को मतदान कर अपना फर्ज निभाये। उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में कुल लगभग 57.5 प्रतिशत मतदान हुआ था जिसमें 63 प्रतिशत मतदान महिलाओं ने किया था। यहा की महिलाएं अधिक जागरूक हैं, अब महिलाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने परिवार, समाज के सभी मतदाताओं के साथ साथ विशेष रूप से पुरुषों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित करें। इस बार शत-प्रतिशत मतदान करने का प्रयास करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रैली का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने आये हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत, अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक आर के पंडित, एसडीएम मड़ियाहूं अर्चन ओझा, एसडीएम मछलीशहर ज्योति सिंह, स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एआरपी राजू सिंह आदि सहित काफी संख्या में बेसिक स्कूलों की महिला शिक्षिकाए उपस्थित रहीं।

जौनपुर में सियासी घमासान तेज धनंजय सिंह ने लिया नामांकन पत्र

सदर विधानसभा से टिकट न मिलने पर नदीम ने भी लिया पर्चा, पार्टी ने फैसल को बनाया है उम्मीदवार

प्रखर जौनपुर। 2022 के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जौनपुर में सियासी घमासान तेज हो गई है। नामांकन के दूसरे दिन बड़े सियासी धुरंधरों ने नामांकन पत्र लिया। मल्हनी विधानसभा से

जेडीयू के धनंजय सिंह ने एक सेट में पर्चा लिया। वहीं सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी फैसल हसन तबरेज के साथ साथ पूर्व विधायक नदीम जावेद ने भी पर्चा लिया है। सदर विधानसभा बनी चर्चा का केंद्र जौनपुर की सदर विधानसभा सीट चर्चा का केंद्र बनी हुई। कांग्रेस ने यहां से फैसल हसन तबरेज को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन सदर विधानसभा सीट से फैसल के साथ साथ नदीम जावेद ने भी नामंकन पत्र लिया है। नदीम जावेद के पर्चा लेने के बाद सियासी गलियारे में चचाओं ने जोर पकड़ लिया है। नदीम जावेद 2012 में जौनपुर सदर से कांग्रेस पार्टी के विधायक रह चुके हैं। उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन से 2017 में भी चुनाव लड़ा था। 2017 के चुनाव में उन्हें हर का सामना करना पड़ा था। वहीं बीजेपी के प्रत्याशी गिरीश चंद्र यादव ने भी नामंकन पत्र लिया है।मल्हनी से लकी और धनंजय ने लिया पर्चा मल्हनी विधानसभा से सपा के विधायक लकी यादव ने पर्चा लिया है। सपा ने मौजूदा विधायक पर भरोसा जताते हुए उन्हें टिकट दिया है। वहीं बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जनता दल यूनाइटेड (खउ्र) से नामांकन पत्र लिया है। बड़े सियासी धुरंधरों के टिकट लेने के साथ जौनपुर में सियासी उठापटक तेज हो गयी है ।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायें

प्रखर जौनपुर । विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात उड़न दस्ता, सचल दस्ता, एमसीएमसी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएसटी टीम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग गहनता से करे एवं इस दौरान वीडियोग्राफी अवश्य कराये। उन्होंने निर्देश दिया कि संदिग्ध प्रतीत होने पर महिलाओं की तलाशी महिला आरक्षी द्वारा ही की जाएगी। एफएसटी टीम अपने-अपने विधान सभा क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए नकदी का अवैध आदान-प्रदान, शराब का वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं आदि की आवाजाही पर गहनता से निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य मे लापरवाही न की जाए। सभी टीमों के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिया कि आवश्यक सूचनाएं समय से उपलब्ध कराए। वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार को टीमो की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग गम्भीरता से की जाय। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, ज्वाइट मजिस्ट्रेट हिमाशु नागपाल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी अपना दल (कमेरावादी) से गठबंधन चुनार विधानसभा के लिए घोषित संयुक्त प्रत्याशी डॉ. आर. एस. पटेल का रुदौली की जनता ने किया जोरदार स्वागत

प्रखर पूर्वान्चल मिजार्पुर। समाजवादी पार्टी अपना दल (कमेरावादी) से गठबंधन के चुनार विधानसभा के लिए घोषित संयुक्त प्रत्याशी डॉ. आर. एस. पटेल ने विधानसभा क्षेत्र चुनार में प्रवेश करने पर रुदौली की जनता ने जोरदार स्वागत किया इस दौरान दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ आगे बढ़ते हुये चुनार कस्बे में स्थित महाराजा निषाद राज के प्रातिमा पर माल्यार्पण किया तथा सपा एवं अपना दल के सैकड़ो साथियों ने गगन भेदी नारे लगाये तथा आर. एस. पटेल ने लोगो का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया फिर चुनार, जमुई, कैलहट, परसोधा से होते हुए नरायनपुर स्थित सरदार पटेल प्रतिमा पर डा. आर. एस. पटेल समेत सैकड़ो कार्यकताओं ने माल्यार्पण करते हुए गगनभेदी नारे लगाये इस दौरान चुनार की मिट्टी को सरदार पटेल जी के प्रतिमा के समक्ष

माथे पर तिलक लगाते हुए उन्होंने कहा कि चुनार की आन-बान-शान के लिए मेरा जीवन कुर्बान है। कहा कि पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों का भाजपा सरकार ने हनन किया है, शोषितों, पिछड़ों की जातीगत जनगणना कराकर उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना तथा समुचित आरक्षण देना हमारा प्रथम कर्त्यव्य है। डा. आर. एस. पटेल के मजबूत संकल्पों का वहां मौजूद सभी ने समर्थन किया। वहीं से उनका काफिला रानीबाग से होते हुए जमालपुर पहुंचा जहां उन्हें अपार जनसमर्थन मिला। इस दौरान अपना दल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष श्याम बहादुर पटेल, जिला पंचायत दिग्विजय पटेल, गोविंद, सुरेश वर्मा, मनोज यादव, विवेक यादव, मनीष यादव, मो0 इरसाद समेत समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अज्ञात शिशु मिलने से मचा हड़कंप, क्षेत्र में चर्चा का विषय

खुद के माँ ने फेंका तो दूसरी माँ ने अपनाया

प्रखर चंदवक जौनपुर। सरकार बेटियों को लेकर कई योजनाएं चला रही है नारी सुरक्षा से लेकर बेटी पढ़ाओ अभियान जैसी न जाने कितनी योजनाओं को चलाकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। आज की परिस्थितियों की अगर हम बात करे तो आज की बेटियां किसी से कम नही है आज हर क्षेत्र में बेटियों ने कई मुकाम हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। फिर भी ना जाने क्यों आज भी बेटियों को घर की लक्ष्मी के बजाय हेय दृष्टि से देखा जाता है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है।

डोभी क्षेत्र अंतर्गत कोइलारी गावं में कोई महिला अपने नवजात बच्ची को सोनहापोखरा मंदिर के समीप सड़क के किनारे गड्ढे में छोड़ चली गयी।राहगीरों ने देखा तो बात आग की तरह पूरे गांव में फैल गयी।सभी गॉव के लोग इकट्ठा हो गयें।गांव के ही भानु प्रताप पुत्र पंचदेव व उनकी पत्नी को पता चलते ही पहुच कर बच्ची को उठाया और पुलिस को सूचना दी और ठंड से बच्ची की तबियत खराब होने से उसे सामुदायिक केंद्र डोभी ले जाया

गया जहाँ बच्ची की हालत को नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे जौनपुर रेफर कर दिया गया जहाँ बच्ची को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। इलाज होने के बाद पुलिस व एनजीओ की मदद से भानु प्रताप को बच्ची गोंद देने की प्रक्रिया में जुट गए।भानु प्रताप से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि उनको दो पुत्र है पर एक पुत्री न होने से कहीं न कहीं उनको अपना घर सम्पूर्ण नही दिखाई देता था।इस लिए बच्ची मिलने की खबर पर वह तुरंत वहां पहुँच दरिया दिली दिखाते हुए बच्ची को अपने संरक्षण में लेने की इच्छा जाहिर की।जिसका सभी गाँव के लोगों ने बहुत नम आंखों से स्वागत किया।उन्होंने बताया कि बच्ची को लेकर सुबह से लगे हैं मुझे किसी भी कीमत पर बच्ची को लेना है शनिवार को मुझे एनजीओ के जज से मिलने को कहा गया है। अब सवाल यह उठता है कि जिस माँ ने जन्म दिया उसने आखिर क्यों बच्ची को फेक दिया? क्या कन्या होना पाप है? या समाज मे कन्याओं को अभी भी हेय दृष्टि से देखा जा रहा है? हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है? यदि हमारे समाज मे भानु प्रताप जैसे लोग नहीं रहेंगे तो इस समाज का होना ना होना अर्थहीन है!

नदी के किनारे अज्ञात युवती का मिला शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

प्रखर केराकत जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के विजयीपुर गांव में गोमती नदी के किनारे स्थित एक बगीचे में शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।हालांकि अभी तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है। अज्ञात युवती का शव देखने से उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष लग रही थी। देखने मे मजदूर लग रही थी। उसका पेट फूला हुआ था। अनुमान है कि शव पानी में रहने के चलते उसका पेट फूलगया हो। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव गोमती नदी में किनारे फसा पड़ा था। बगीचे की ओर टहलने निकले कुछ युवकों की नजर पड़ी तो उनमें से किसी ने कोतवाल लक्ष्मण पर्वत को सूचना दी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत महिला कांस्टेबल के साथ पहुंचे और शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन उसका नाम पता नहीं चल पाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

छात्रा का अश्लील वीडियो बनाने व शिकायत करने पहुंचे पिता पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला करने के मामले में 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। छात्रा का अश्लील वीडियो बनाने व शिकायत करने पहुंचे पिता पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने सिद्धेश्वरी, चौक निवासी आलोक दत्त नागर, उसके भाई त्रिलोक दत्त नागर, अक्षत नागर, शोभा नागर व मनीष व्यास के खिलाफ चौक पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने की गई कार्यवाही से कोर्ट को तीन दिन के अंदर अवगत कराने का आदेश भी दिया है। प्रकरण के अनुसार चौक थाना क्षेत्र की रहने वाली बीए की एक छात्रा ने अपने अधिवक्ता अनुज यादव, बृजपाल यादव व विकास सिंह के जरिये अदालत में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि वह अपने किरायेदारी वाले मकान के बाथरूम में टॉयलेट के लिये गयी थी। उसी समय उसके पड़ोसी आलोक दत्त नागर बाथरूम की जाली से अपने मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगे। मोबाइल का फ्लैश चमकने पर प्रार्थिनी ने देखा कि आलोक नागर उसका टॉयलेट करते हुए वीडियो बना रहा है इस पर उसने शोर मचाया तो आलोक वहां से भाग गया। छात्रा ने इसकी जानकारी अपने पिता प्रमोद दबे को दी तो वह आलोक नागर के घर जाकर इस शर्मनाक हरकत का विरोध करते हुए वीडियो डिलीट करने को कहा तो आलोक दत्त नागर, उसके भाई त्रिलोक दत्त नागर, अक्षत नागर, शोभा नागर व मनीष व्यास आक्रोशित होकर उसके पिता प्रमोद दबे को लाठी डंडे व रॉड से जान से मारने की नीयत से मारने पीटने लगे। जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर वही वीर पड़े। शोर सुनकर उसकी बड़ी बहन व मोहल्ले के लोग वहां पहंचे और किसी तरह बीच बचाव किया, जिससे उसके पिता की जान बची।

जखनियां सुरक्षित (373) की सियासी हलचल, ये पब्लिक है सब जानती है

प्रखर जखनियां (गाजीपुर)। (गौरीशंकर पाण्डेय सरस) विधानसभा चुनाव को लेकर शीतलहर के बावजूद, राजनीतिक पारा लगातार चढ़ता जा रहा है।नेता व कार्यकर्ता विरोधी दलों के उम्मीदवारों को हर प्रकार से पटकनी देने के मंसुबे अपनाकर उसे पछाड़ने में लगे हैं।

इस बार सूबे के जखनियां विधानसभा में अब तक त्रिकोणीय संघर्ष दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में भाजपा और सपा का सीधा मुकाबला होने के प्रबल आसार बन रहे हैं। वहीं सपा भासपा गठबंधन के आयातित उम्मीदवार बेनी राम को लेकर एक तरफ जहां सपाजनों ने रोष व्याप्त है वहीं सपोर्टर आक्रोषित नारे बाजी करते नजर आ रहे हैं।और नापसंद प्रत्याशियों का पुतला फूंककर जबरदस्त रोष व्यक्त कर रहे हैं।यही स्थिति कांग्रेस की भी दृष्टिगत है।अभी कइ दल पत्ता नहीं खोले हैं। बहरहाल आगे स्थितियां क्या बनेंगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। वैसे क्षेत्र की जनता को विकास की दरकार है। मतदाताओं का कहना है कि नेता को राजनीति, जनता को विकास और मजदूर को काम चाहिए। सड़क, स्वास्थ्य, बिजली-पानी जैसे संकट का समाधान चाहिए। इन्हीं तमाम मुद्दों को पावरफुल बनाने के लिए भाजपा कोई कमी आड़े आने देना नहीं चाहती, जबकि सपा कांटे का टक्कर देने को बेताब है। जखनियां के निवर्तमान विधायक भासपा के त्रिवेणी राम का पत्ता तो इस बार भासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने काट दिया। सपा किसी भी सूरत में पीछे नहीं रहना चाहती और लुभावने वादों के बल पर इस सीट पर कब्जा करने को बेताब है। जबकि भाजपा की योगी सरकार राज्य को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के अपने दावे के साथ विकास की गंगा बहाने के दम पर जनादेश हासिल कर पुनः सूबे की सत्ता में वापसी का ऐलान करती दिखाई दे रही है। एक तरफ जहां भाजपा योगी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए जनता का विश्वास हासिल करने के लिए जनविश्वास यात्रा निकाल कर जनता का मन टटोलने को प्रयासरत है वहीं सपा अपने

विजय रथ के माध्यम से अपने जनसंवाद में राज्य की योगी सरकार की चुन-चुन कर खामियां गिनाते हुए अपना बर्चस्व बनाने तथा भाजपा के मंसूबे पर पानी फिराने को उतावली है। साथ ही सपा गठबंधन की मजबूती पर पकड़ बनाने, गठबंधन को भरोसे में लेने की कोशिशों में लगी है।

यह भी सच है कि जखनियां की सियासी फिजा में तैरती उम्मीदें जनता में यह संदेश देने लगी हैं कि चुनाव से पहले जखनियां के कायाकल्प का भरोसा दिलाया जाना और जनता के टूटे दिलों को जोड़ने का प्रयास सियासी दांव का नतीजा माना जा रहा है। जखनियां सुरक्षित सीट के लिए भाजपा का संजीवनी संदेश कमल के लिए कितना असरदार होगा यह तो समय बताएगा लेकिन इस बार जखनियां से जनता के बीच सियासत तिमारदारों की कनफुसिया हलचलें यह बताने को काफी हैं कि इस बार जखनियां की जनता को बसपा,सपा, कांग्रेस का उम्मीदवार मंजूर नहीं है।

गौरतलब हो कि पिछले कई दशकों से पिछड़ेपन का दंश झेल रही विधानसभा जखनियां सुरक्षित अपने पुरसाहाल को तरस रही है।आशा व विश्वास में विविध दलों के प्रत्याशियों के माथे जीत का सेहरा बांधने के सिवाय जखनियां को कुछ नहीं मिला। मिला तो टूटी फूटी सड़कें, सड़कों में जानलेवा गड्ढे, बजबजाती नालियां, बिजली का रूलाना, संसाधन के अभाव में दुष्कर यात्राएं आदि। जखनियां के उज्जवल भविष्य के लिए बसपा और सपा के प्रत्याशियों को बार-बार जिताऊं मौका मिलने के बावजूद वही ढाक के तीन पात वाली कहानी बनकर सामने आती रही। भाजपा का तो खाता तक नहीं खुला। जनता के बीच से छनकर आ रही चचाएं बता रही हैं की 2017 में प्रचंड मोदी लहर में भाजपा समर्थित सुभासपा प्रत्याशी विधानसभा में पहुंचा तो जरूर परन्तु क्षेत्र में विकास की त्रिवेणी नहीं बहा सका। इस बार भाजपा ने तेज तर्राक प्रत्याशी रामराज बांसफोर को मैदान में उतारा है जो भाजपा सरकार की उपलब्धियों और भाजपाजनों के विश्वास के बल पर कमल खिलाने हेतु चुनावी बैतरणी पार करने की फिराक में हैं। फिलहाल आसन्न चुनाव में भारी जनादेश क्या गुल खिलाता है। उस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। अभी तो सभी उम्मीदवारों को अपनी जीत पक्की ही नजर आ रही है। समय का इंतजार है। जखनियां सुरक्षित सीट के मतदाता अभी वोट डालने की बात पर मौन हैं, उन्हें योग्य व टिकाऊ जनप्रतिनिधि की दरकार है जो पूरे प्रदेश की तरह इस क्षेत्र में भी विकास की गंगा बहा सके। मतदाताओं का रुझान किस पार्टी की ओर होगा और कौन पार्टी उम्मीदवार जखनियां की पहली पसंद बनेगा, इसका निर्णय तो चुनाव परिणाम से ही ज्ञात होगा।

संक्षिप्त खबरें

अपना दल (कमेरावादी) ने डा. आर. एस. पटेल को चुनार 398 मिर्जापुर से प्रत्याशी किया घोषित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आर. एस. पटेल को अपना दल (कमेरावादी), समाजवादी पार्टी व सुभासपा गठबंधन से विधानसभा 2022 हेतु चुनार 398 मिजार्पुर से प्रत्याशी किया घोषित टिकट की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओ में दिखी खुशी।

काशी की बेटी मुदिता कपूर को शहर दक्षिणी से कांग्रेस ने बनाया महिला प्रत्याशी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में शहर दक्षिणी के कांग्रेस प्रत्याशी मुदिता कपूर बोली की शहर दक्षिणी के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है 10 मार्च को बीजेपी साफ` कांग्रेस प्रत्याशी मुदिता कपूर ने बताया कि मैं लड़की हूं लड़ सकती हूं हमारी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने एक नारा दिया था मैं एक लड़की हूं लड़ सकती हूँ इसी नारे को लेकर जनता के बीच में जाएंगे जनता महंगाई से त्रस्त है और हम शहर दक्षिणी से पले बड़े हुए हैं और हम शहर दक्षिणी के जनता की परेशानी को भलीभांति जानते है और आज मुझे बहुत खुशी है की हमारी पति गौरव कपूर कांग्रेसी कार्यकर्ता व समाजसेवी भी हैं हम शहर दक्षिणी से जीत रहे है।

लोक जनशक्ति पार्टी (र) के प्रदेश अध्यक्ष मणिशंकर पांडेय ने घोषणा पत्र के साथ अर्पण पाठक को दक्षिणी विधानसभा से प्रत्याशी किया घोषित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लोक जनशक्ति पार्टी (र) के प्रदेश अध्यक्ष मणिशंकर पांडेय ने घोषणा पत्र के साथ - साथ वाराणसी की सबसे चर्चित विधानसभा शहर दक्षिण विधानसभा से युवा ब्राह्मण प्रत्याशी, पार्टी के छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अर्पण पाठक को उम्मीदवार घोषित किया । लोक जनशक्ति पार्टी (र) के द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में अर्पण पाठक ने बताया कि वह अपने मुद्दे मेरी विधानसभा मेरी ज़िम्मेदारी के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। हम पिछले कई दिन से डोर टू डोर जनसम्पर्क कर रहे है जिसमे हमें यह देखने को मिल रहा है कि लोग जन प्रतिनिधियों से संतुष्ट नहीं है कि वह उनके बीच नहीं रहते है और उनकी समस्या शासन तक नही पहुच पति है हम अपने विधानसभा में ट्रैफिक की समस्या का निवारण करेगे, घाटी पर शौचालय व चेंजिंग रूम बनवाएंगे। सीसीटीवी युक्त विधानसभा बनवाएंगे एवं छेत्रवासियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे । हमारे पार्टी की घोषणा पत्र में युवाओ के लिए युवा आयोग, महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, महंगाई तत्काल रूप से कम करेगे, बेरोजगार भत्ता 2000 महीना करेगे, सरकारी रिक्त पदे जल्द से जल्द भरेंगे,किसानों के लिए कई प्रकार की छूट, इत्यादि बताया गया है।

हौसलाबुलन्द चोरों ने की विद्यालय में चोरी

प्रखर केराकत जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के कटहरी प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की बीती रात को चोरों हजारो के माल पर हाथ साफ कर चम्पत हो गए।गौरतलब हो कि रोज की भांति विद्यालय बंद कर पूरा विद्यालय स्टॉप अपने घर चला गया आधी रात बीत जाने के बाद चोरो ने विद्यालय में लगे बाउंड्रीवाल को फांद कर विद्यालय परिसर में प्रवेश कर डेढ़ कुंतल सरिया व किचन का ताला तोड़कर किचन में रखा पांच किलोवाट का स्टेपलाइज लेकर चम्पत हो गए।प्रधानाध्यापक संतोष कुमार यादव ने बताया कि रोज की भांति समयानुसार जब विद्यालय आ गया तो विद्यालय परिसर से सरिया गायब देख चोरी का अंदेशा हुआ तो आनन फानन में कमरे की तलासी ली गयी तो किचन का ताला टूटा देख पैरो तले से जमीन खिसक गई। चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गयी हैं सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गए।

स्मार्ट क्लास से बच्चों में बढ़ेगी सीखने की क्षमता - एसडीएम शैलेन्द्र

प्रखर पिंडरा वाराणसी। एचडीएफसी व आरोह फाउंडेशन के सहयोग से बने स्मार्ट क्लास से बच्चे अब डिजिटल की तरफ बढ़ेंगे और उनके अंदर सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी । वही ग्रामीण शुद्ध पेयजल का प्रयोग कर बीमारीमुक्त होंगे। शुक्रवार को प्रशिक्षु उप ज़िलाधिकारी / बीडीओ शैलेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बाबतपुर में स्मार्ट क्लास व ग्राम सभा मे जल मीनार के उद्घाटन के दौरान उक्त में बातें कही। उन्होंने कहाकि स्मार्ट क्लास की उपयोगिता शिक्षको के दक्षता पर निर्भर करती है। शिक्षक जितने दक्ष होंगे छात्र उतने ही बेहतर उपयोग कर सकेंगे। इस दौरान बीडीओ व बीईओ मंगरु राम ने नए शौचालय निर्माण, बाला पैंटिंग का कार्य, कमरों की मरम्मत कार्य व बच्चों के लिए लगाए गए झूले का अवलोकन कर तारीफ की। आरोह फाउंडेशन के विवेक सिंह ने कहाकि स्मार्ट क्लास के कारण बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ रही है । आने वाले समय में जब विद्यालय खुलेंगे तब बच्चे झूलें का आनंद ले पाएँगे। डिजिटल शिक्षा के द्वारा बच्चे आधुनिक शिक्षा से जुड़ पाएँगे । ग्राम सभा मे स्थापित जल मीनार के द्वारा 120 परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा।

पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना पड़ा भारी पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

प्रखर जौनपुर। शाहगंज कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार लिया। आरोप है कि युवक ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया । जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के डिहवा भादी गांव निवासी शमसुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी । इसका विरोध करते हुए भाजपा के नगर मंडल

अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने उक्त पोस्ट को डिलीट करने के लिए कहा लेकिन युवक नहीं माना । इस पर भाजपा नेता ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी । मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर शुक्रवार को आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार किया । मामले में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य ने बताया कि सुनील अग्रहरि की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा जा चुका है ।

सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में पर्यावरण व महिला स्वास्थ्य पर चर्चा-परिचर्चा का हुआ कार्यक्रम

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय के तृतीय चरण पर पर्यावरण एवं महिला स्वास्थ्य पर चर्चा-परिचर्चा के कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर अवंतिका दूबे, ट्रस्टी, सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि आज भी महिलाएं अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर संकोच करती हैं लेकिन राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन महिलाओं के संकोच को दूर करती है और स्वयंसेवी छात्राओं ने निसंकोच अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रश्न भी पूछे डॉक्टर दुबे ने सभी स्वयंसेवी छात्राओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए जागरूक भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के संस्था प्रमुख व प्राचार्य डॉ. प्रभु नारायण दूबे ने करते हुए

कहा कि सभी स्वयंसेवी छात्राएं अपने-अपने क्षेत्र और गांव में जाकर पर्यावरण और महिला स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ सभी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतदान के लिए भी प्रेरित करें क्योंकि जब शत-प्रतिशत मतदान होगा तभी हम एक योग्य जनप्रतिनिधि को चुन सकते हैं। उप प्राचार्या डॉ. रमा दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन के संस्कार को बताती है इसलिए हम सभी को अनुशासन में रहना चाहिए समन्यवक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण को हम बचाएंगे तभी हम मानव जीवन को भी बचा सकते हैं।निदेशक श्री आशीर्वाद दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपको समाज के संस्कारों से परिचित कराता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय के तृतीय चरण के कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती, संस्थापक महोदय एवं संस्थापिका महोदया को माल्यार्पण करके किया गया। जंतु विभाग के प्रवक्ता डॉ. आशुतोष मिश्र ने मंगलाचरण करके कार्यक्रम की शुरूआत किया और स्वयंसेवी छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया इसके पश्चात सभी मंचासीन व्यक्तियों को माल्यार्पण और बैच लगाकर अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव प्रथम इकाई ,डॉ. हेमा गुप्ता द्वितीय इकाई , डॉ. अनिता सिंह तृतीय इकाई ने अपने-अपने इकाई की स्वयंसेवी छात्राओं का नेतृत्व किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. मंजू त्रिपाठी, डॉ. विष्णु गुप्त, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. प्रीति वर्मा उपस्थित रहे`कार्यक्रम का संयोजन डॉ. श्याम सुंदर मिश्रऔर आवरण डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया।

व्यापारियों के तरफ सरकार का नहीं है ध्यान व्यापारी परेशान - प्रकाश जायसवाल

प्रखर पूर्वान्चल। वाराणसी। बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महामंत्री प्रकाश जायसवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि पिछले दिनों हुए पेश बजट में व्यापारियों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है बजट में व्यापारियो के हित में कोई ख्याल नहीं किया गया है जिससे व्यापारियों में नाराजगी है प्रकाश जायसवाल ने बताया की चाहे सरकार किसी की बने लेकिन व्यापारियों के लिए कोई नहीं सोचने वाला है अभी एक दिन पहले भाजपा और सपा का घोषणा पत्र जारी किया गया लेकिन उसमे व्यापारियों के लिये कुछ भी नहीं रहा। पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया ने जब प्रकाश जायसवाल से पूछा की सपा और आम आदमी पार्टी दावा कर रही है की उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद बिजली 300 यूनिट फ्री कर दिया जाएगा जिसपर उन्होने बताया की यह सब चुनावी जुमला जब चुनाव आता है तो सभी अपने अपने तरफ से बड़े बड़े दावे पेश करती है लेकिन बाद में सब ढ़ेर हो जाते है यह सब सिर्फ जनता को मूर्ख बनाने के लिये है। बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने नेपाल सरकार द्वारा विगत कुछ दिनों से बन्द चल रहे पशुपतिनाथ मंदिर व नेपाल के अन्य मंदिरों को 11 फरवरी से खोलने के आदेश पर हर्ष जताया और नेपाल सरकार का धन्यवाद करता है।

मांझी ने कहा पार्टी से मिली हरी झंडी, आज होगा पर्चा दाखिला

प्रखर महाराजगंज। जनपद महाराजगंज के 315 विधान सभा फरेंदा से सपा के नए उम्मीदवार शंख लाल मांझी ने कहा पार्टी से हरी झंडी मिल चुकी है । आज सपा उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिला होगा। जनपद महाराजगंज के 315 विधान सभा फरेंदा में चचाओं का बाजार गरम दिखाई दे रहा है। प्रत्याशी घोषित करने में सपा की देरी ने 315 विधानसभा में हलचल मचा दी है ।जैसे तैसे सपा ने परशुराम निषाद के रूप में अपना प्रत्याशी घोषित किया ।लेकिन सियासी दांवपेच ने ऐसा करवट लिया कि दो दिन भी नहीं बीता, कि सपा पार्टी की तरफ से टिकट कटने की बात खूब तेजी से सोशल मीडिया पर फैलने लगी यहां तक की टिकट कटने को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा "कुछ देर बाद खेला होवे" और हुआ भी वही

।अचानक एक नया चेहरा मंत्री शंख लाल मांझी के रूप में 315 विधान सभा फरेंदा में आग की तरह फैल गया 315 विधानसभा की जनता इसे फर्जी मान रही थी। तब प्रखर पूर्वांचल मीडिया ने शंखलाल मांझी से टेलिफोनिक वार्ता की जिसमें उन्होंने बताया कि, मैं इस समय लखनऊ में हूं पार्टी द्वारा मुझे हरी झंडी मिल चुकी है। ए बी फार्म भरने के साथ 11 फरवरी दिन शुक्रवार को सपा पार्टी की तरफ से हमारा पर्चा दाखिला होगा। मांझी के प्रतिनिधि रवि मांझी से भी मीडिया से टेलिफोनिक वार्ता हुई जिसमें उन्होंने बताया कि अभी हमारे नेता शंखलाल मांझी लखनऊ में हैं वहां से फोन आया है कि आप जाकर कागजी कार्रवाई पूरी करें कल 315 विधान सभा फरेंदा से सपा प्रत्याशी के रूप में हम पर्चा दाखिला करेंगे ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

कोरोना काल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किए गए पुरस्कृत

प्रखर वाराणसी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह को केंद्रीय संस्थान निपा ने "मेरा घर मेरा स्कूल" व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। यह

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ने मुंह मीठा कर दी बधाई

पुरस्कार प्रशासनिक अधिकारियों के लिए शीर्ष पुरस्कार है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने शैक्षणिक प्रशासन के क्षेत्र में नवोन्मेष एवं नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2019-20 को डॉ राकेश सिंह को ऑनलाइन मोड में प्रदान किया। यह पुरस्कार मिशन प्रेरणा ऑपरेशन कायाकल्प तथा कोरोना के विषम परिस्थितियों में विभिन्न जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से संपादित करने के लिए

प्रदान किया गया। इसके अलावा कोविड -19 प्रतिबधों के कारण समुदाय में कक्षाएं आयोजित करने के लिए सामुदायिक स्वयंसेवकों के माध्यम से शिक्षण का नवाचार भी डॉ राकेश सिंह द्वारा किया गया। मोबाइल लाइब्रेरी वेन के माध्यम से वाराणसी के सेवापुरी ब्लाक में 5000 बच्चों व 1599 अभिभावकों तक शैक्षणिक सामग्रियां का प्रेषण भी उनके निर्देशन में पूर्ण हुआ। डॉ राकेश सिंह ने इस पुरस्कार का श्रेय वाराणसी जनपद के समस्त शिक्षकों को दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने डॉ राकेश सिंह से भेट कर उन्हें बधाई दी तथा उनका मुंह मीठा कराया।

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रखर जौनपुर। जिले के पार्टी कार्यालय पर समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की एक समीक्षा बैठक पार्टी आहुत हुई । मुख्य अतिथि बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर रहे । अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने किया । मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश सोनकर ने कहा उत्तर प्रदेश चुनाव में साइकिल के दो पहिए अम्बेडकर और लोहिया के विचारों को लेकर

चलने वाली सरकार की जरूरत है । हमेशा हिन्दू मुस्लिम के नाम पर लोगों को बाटने वाले कभी प्रदेश का भला नही कर सकते है । बूथ पर नौजवान , महिलाएं सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार हैं । युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने कहा सपा के घोषणापत्र में महिलाओं , व्यापारियों ,किसानों , बुनकरों , नौजवानों के साथ सभी समाज का ख्याल रखा गया है । पहले चरण में गठबंधन पर लोगों ने भरोसा जताते हुए सपा के पक्ष में मतदान किया है । बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आर के प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव सुशीला राव ने कहा जब बूथ स्तर तक संगठन काम करेंगे तो सरकार बनाने से कोई नही रोक सकता । बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव जितेन्द्र मौर्या और रंजित सोनकर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा प्रदेश का चुनाव सत्ता परिवर्तन की लड़ाई में बदल चुका है । प्रशासनिक मिशनरियों ने भाजपा एजेंट बनकर काम करना चाहा लेकिन सजग जनता के विरोध ने उन्हे पीछे धकेल दिया । यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष गुड्डू सोनकर और लोहियावहिनी जिलाध्यक्ष भानु मौर्या ने कहा दलित ,पिछड़े ,वंचित और शोषित ने अब बदलाव का मन बना लिया है। जब से भाजपा सरकार आई है महंगाई ,बेरोजगारी , भ्रष्टाचार की मुद्दे लगातार भाजपा फेल है । अन्य वक्ताओं ने भी सपा सरकार बनाने में कमर कसने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से झ जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव , बाबा साहब वाहिनी जिलाध्यक्ष शिवम प्रकाश ,वरुण सिंह , आर के प्रसाद , यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष गुड्डू सोनकर , लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष भानु मौर्या , रंजित सोनकर , जितेन्द्र प्रताप मौर्या , श्रीमती सुशीला राव , संजय यादव , मजदुर सभा जिलाध्यक्ष साहब लाल साहब, योगेंद्र आर्या , विनय भट्ट, मौजूद रहे।

2 और प्रत्याशी घोषित किया आम आदमी पार्टी, जौनपुर

प्रखर जौनपुर। आम आदमी पार्टी केंद्रीय कार्यालय जौनपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में किया गया इसी क्रम में जिला

अध्यक्ष सूर्य नारायण ने आज 2 और प्रत्याशी के नाम घोषित किये, 369 विधानसभा मछ्ली शहर से अच्छेलाल यादव को प्रत्यासी बनाया गया और 370 विधानसभा मड़ियाहूं से प्रेमचन्द गौतम को आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा आम आदमी पार्टी, जौनपुर द्वारा अभी तक 6 विधानसभा में प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है और जल्द ही बचे सभी विधानसभा प्रत्याशी की घोषणा करेगी, आज इस प्रेस कान्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष सूर्यनारायण, मीडिया प्रभारी विद्याधर मिश्रा, इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, ने कहा कि जबसे आदित्यनाथ योगी की सरकार उत्तर प्रदेश में आई है तब से उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश बना कर रख दिया है हर तरफ जंगलराज है अगर उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो किसानों के सभी कर्ज माफ होंगे बिजली फ्री मिलेगी शहरी एरिया में 300 यूनिट फ्री मिलेगी युवाओं को हर साल 1000000 नौकरी मिलेगी जब तक नौकरी नहीं दे पाएंगे तब तक ?5000 बेरोजगारी भत्ता देगी आम आदमी पार्टी जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, जिला संगठन संयोजक रिजवान अहमद, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह पंचायत प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अतुल कुमार तिवारी(बुद्धिमान) मोहम्मद शमीम राजेंद्र कुमार सिंह एवं सभी प्रत्याशी, इत्यादि लोग शामिल हुए।

दक्षिणी विधानसभा प्रत्याशी किशन दीक्षित ने बूथ स्तर पर की बैठक

प्रत्याशी किशन दीक्षित ने कहा जनता महंगाई और खुली लूट से त्रस्त है जनता चुनाव का इंतजार कर रही है

प्रखर पूर्वान्चल वाराणासी। दक्षिणी विधान सभा प्रत्याशी किशन दीक्षित का घोषणा होते ही समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है प्रत्याशी के साथ कार्यकर्ता डोर टू डोर भ्रमण करते नजर आए। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने दक्षिणी विधानसभा के अध्यक्ष शमीम अंसारी के साथ दक्षिणी विधानसभा सभा के घोषित प्रत्याशी किशन दीक्षित साथ सेक्टर के प्रभारियों के साथ आकस्मिक बैठक ली। विष्णु शर्मा ने बैठक में 32 वार्डों के सेक्टर प्रभारियों व सेक्टर पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर चुनाव को कैसे संपादित कराया जाए उस पर संगठन के साथ समीक्षा की गई। दक्षिणी के घोषित प्रत्याशी कामेश्वर नाथ दीक्षित किशन भी उपस्थित रहे प्रत्याशी किशन दीक्षित ने सभी सेक्टर प्रवेक्षक एवं सेक्टर प्रभारी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया एवं पत्र जारी कर डोर टू डोर प्रचार

प्रसार की जिम्मेदारी दी। प्रत्याशी किशन दीक्षित ने कहा कि मेरे विधान सभा के वार्ड अध्यक्ष से लेकर सेक्टर प्रवेक्षक व प्रभारी ही समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े नेता है वार्ड अध्यक्ष से प्रभारी तक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है कार्यकर्ताओ के मान सम्मान मे आंच नही आने दूंगा। श्री शर्मा ने कहा कि शहर दक्षिणी विधानसभा की जनता परिवर्तन चाहती है श्री शर्मा ने कहा कि यह चुनाव नही हम सभी के लिए चुनौती है। श्री शर्मा ने कहा कि हम और हमारी टीम पूरी तरह से मुस्तैद है चुनाव लड़ने के लिए, श्री शर्मा ने आगे कहा कि बनारस की जनता 07 मार्च 2022 का इन्तेजार कर रही है मोक्ष प्राप्त होने की नगरी काशी से जनता भाजपा को मोक्ष प्रदान करने के कटिबद्ध है श्री शर्मा ने कहा इसबार जनता चुनाव का इंतजार कर रही है,जनता महंगाई और खुली लूट से त्रस्त है। बैठक में प्रमुख रूप से सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महानगर महासचिव जितेन्द्र यादव, दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष शमीम अंसारी, शहर दक्षिणी के प्रत्याशी किशन दीक्षित, वरिस्ठ नेता राजकुमार यादव, ईशान श्रीवास्तव, पार्षद दारानगर मनोज यादव, जमाल अंसारी, आयान अहमद, व बत्तीसों वार्ड के सेक्टर प्रभारी व सेक्टर पर्यवेक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस सोती रही चोरी होती रही

चोरों के हौसले बुलंद दो दुकानों का ताला तोड़ की लाखों की चोरी, पुलिस गश्ती पे उठे सवालिया निशान

प्रखर महाराजगंज। पुलिस गस्ती में लापरवाही से हुई चोरी। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेदवां चौराहे पर अज्ञात चोरों ने दो दुकानों का ताला तोड़ की लाखों की चोरी। जनपद महाराजगंज के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेदवा चौराहा जो महज थाना से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है एक ही रात में चोरों ने लेदवा चौराहा पर दो दुकानों को निशाना बनाकर अपना हाथ साफ किया जबकि बृजमनगंज नवसृजित नगर पंचायत है।नगर पंचायत होने के नाते चारों तरफ रोड के किनारे स्ट्रेट लैंप हाई मास्ट लगे हुए हैं जो रात में जलते रहते है क्षेत्र के सभी रूटों पर रात्रि गश्त के लिए पुलिस प्रशासन लगाए गए हैं।

बताते चलें चोरी की घटना एक लिखित तहरीर के माध्यम से थानाध्यक्ष महोदय बृजमनगंज को दिया गया जिसमें मोहन कुमार पुत्र लक्ष्मण निवासी शेषपुर व विकास कुमार जायसवाल पुत्र गंगाराम निवासी सेमरहना टोला बहेरवा थाना क्षेत्र उस्का जिला सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं दोनों लोग की किराना तथा बेकर्स की दुकान लिदवा चौराहे पर है जिसमें दोनों दुकानों को चोरों ने निशाना बनाकर दुकानों का ताला तोड़ कर अपना हाथ साफ किया। यह घटना मध्य रात्रि 1:00 से 2:00 के बीच की है चोरों द्वारा गल्ले में रखें 65000/- व 13000/- रुपए नगद शुद्ध प्लस, कमला पसंद ,जीरा, मरीच ,अरहर की दाल लगभग 25000/-कीमत के समान चुरा कर ले गए ।साथ ही साथ पुलिस प्रशासन को चैलेंज भी किया आखिर जब रात में पहरा भी होता है तो चोरी कैसे हो गई। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी वह कांग्रेस नेता शशिकांत जायसवाल ने मौके पर पहुंच वहां का जायजा लिया और मीडिया को सूचना दी तथा व्यापारी पक्ष की सहायता करते हुए तहरीर के माध्यम से थानाध्यक्ष बृजमनगंज को घटना से अवगत कराया। थानाध्यक्ष बृजमनगंज ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल मामले के छान बीन में जुटे।

संक्षिप्त खबरें

बेअसर साबित हो रहा कप्तान का आदेश

प्रखर महाराजगंज। जनपद महाराजगंज के नवसृजित नगर पंचायत बृजमनगंज में नो एंट्री को लेकर बेअसर साबित हो रहा है कप्तान का आदेश नो एंट्री की उड़ाई जा रही है धज्जियां। नगर पंचायत बृजमनगंज में लगातार बढ़ती जा रही जाम की समस्या सोशल मीडिया पर हो रहे वायरल को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक महाराजगंज ने नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में सुबह 9:00 बजे से शाम 9:00 बजे तक नो एंट्री के आदेश को पालन कराने के लिए बृजमनगंज थाने को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक महाराजगंज के निदेर्शों का पालन करते हुए बृजमनगंज पुलिस ने जिसका कड़ाई से कुछ दिनों तक अनुपालन किया गया लेकिन कुछ दिन बाद ही आदेश बेअसर साबित होता दिखाई दे रहा है बड़ी गाड़ियों के आने जाने का कोई समय सीमा नहीं बीच-बीच में बड़ी गाड़ियां बीच कस्बे से जाते दिखाई दे रही हैं आखिर कौन है इसका जिम्मेदार किसके आदेश पर नो एंट्री के बावजूद इन गाड़ियों का आवागमन चालू है यह एक सोचनीय विषय है जहां पर कप्तान के आदेश बेअसर साबित हो रहे हैं।

डेहरी गॉव को नगर पालिका से बेहतर बनाने का करूँगा प्रयास : फरहान अहमद

ग्राम प्रधान ने लिया सर्वांगीण विकास का संकल्प

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र का डेहरी गांव जनपद में एक अलग मुकाम बनाने की डगर पर खड़ा हुआ हैं बता दे कि डेहरी सहित अन्य गॉवों के बच्चों का चयन कनाडा में होने वाले जुडो कराटे में चयन हो गया जिसको लेकर गॉव के खुशी की लहर हैं।ग्राम प्रधान रूबाना अंजुम पत्नी फरहान अहमद ने गॉव के समक्ष संकल्प लिया कि हम अपने गाँव के सर्वांगीण विकास के लिए हर सम्भव प्रयास प्रयास करेंगे।इस बाबत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फरहान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हम अपने गॉव को नगर पालिका से भी बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का हर सम्भव प्रयास कर रहा हूँ। हम अपने गॉव को हर क्षेत्र में विकसित करना हमारा प्रयास रहेगा आज गॉव के छोटे छोटे बच्चों ने खेल में बेहतर प्रदर्शन कर कनाडा में होने वाले जुडो कराटे में चयन से डेहरी गॉव को देश ही बल्कि दुनिया मे एक अलग पहचान बनने जा रही हैं।अभी तक के कार्यकाल में हमने 25 सीमेंटेड कुर्सी,150 स्ट्रीट लाइट, और हर मंदिर- मस्जिद पर जलनिगम मशीन लगाया गया है।और नए योजनाओं का खाखा तैयार किया जा रहा है इस अवसर पर जुनेद खान, तोहिद उर्फ बादशाह, अलीम शाह, सफी, श्रीनाथ, पूर्व प्रधान संतोष कुमार प्रधान प्रतिनिधि, चुन्नु उर्फ इस्लाम आजम, तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

मानव रक्त फाउंडेशन के तत्वधान में पैगामें मोहब्बत के बैनर तले नुक्कड़ नाटक कर मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन

प्रखर वाराणसी। मानव रक्त फाउंडेशन के तत्वधान में पैगामें मोहब्बत के बैनर तले साझी विरासत और भाईचारा के माध्यम से लोहता के मीना बाजार मे नुक्कड़ नाटक व कवियों के सांस्कृतिक मंच के माध्यम से मतदान जागरूकता का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य हमारा वोट भारत भाग्य विधाता है। संस्था के संरक्षक अबू हाशिम ने कहा जनपद में जगह जगह मानव रक्त फाउंडेशन के तत्वधान में और प्रेरणा कला मंच के नुक्कड़ नाटक के साथियों के माध्यम से नाटक करके मतदाताओं को जागरूक किया गया जिसमें अपने वोट के अधिकार व महत्व को जनता के बीच में सभा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया गया स्वप्रेरणा कला मंच के संयोजक फादर आनंद ने कहा की पैगामे मोहब्बत की मुहिम भाईचारा अमन को बढ़ावा देना कार्यक्रम के संचालन एडवोकेट अब्दुल्ला खालिद ने किया प्रणा कला मंच के सभी कलाकार साथी उपस्थित रहे वहीं संस्था के साथी फादर प्रवीण सच्चिदानंद प्रमोद अन्य साथी मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं